53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 26.2 °c अधिकतम 31.4 °c

**अमृतवाणी**
मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती,
धर्म करने से पाप नहीं रहता,
मौन रहने से कलह नहीं होती।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जो अधिकारी सांसद का सम्मान नहीं करता, वो जनता का क्या करेगा : अखिलेश यादव



सूर्योदय - 5:31, सूर्यास्त - 7:19 | वर्ष : 53/ अंक : 197 | शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4 | पढ़ा लिक्खा हो या अनपढ़..... सलीका बहुत जरूरी है......

# शाहपुर में सौतेले पुत्र ने की मां की निर्मम हत्या

**घटना को अंजाम देने के बाद आलम मौके से फरार**

**शाहपुर, 17 जुलाई (बु.)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव नया गांव में सौतेले पुत्र ने धारदार हथियार से प्रॉपर्टी के विवाद में मां की की निर्मम हत्या, हड़कंप मचा। क्षेत्र के अंतर्गत गांव नया गांव में सौतेले पुत्र आलम ने प्रॉपर्टी विवाद को लेकर अपने मां रजिया 50 वर्ष की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी। वही हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। एसपी देहात आदित्य बंसल सहित शाहपुर थाने की फोर्स घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मूल रूप से गांव सुजडू निवासी महराज की नयागांव मीरापुर बायपास पर मेंन रोड पर दो बीघा जमीन है। महाराज की पहली पत्नी का 2 वर्ष पूर्व इंतकाल हो गया था। 1 वर्ष पूर्व उसने रजिया से दूसरा निकाह किया था। मेराज की पहली पत्नी का पुत्र आलम उक्त दो बीघा जमीन को अपने नाम करना चाहता था। बताया जाता है कि महराज ने आलम से कहा था कि वह सो अथवा 200 गज जमीन उन्हें रहने के लिए दे दे। शेष जमीन उसे दे देंगे, लेकिन हाईवे पर मेन रोड पर बेशकीमती होने के कारण आलम पूरी जमीन लेना चाहता था। इस बात को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था, जिसके चलते देर रात आलम ने अपनी सौतेली मां रजिया की गला रेतकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि महराज ने उक्त दो बीघा जमीन किराए पर दे रखी थी, जिसमें प्लास्टिक का दाना बनाने की फैक्ट्री लगी है। इसी जमीन के हिस्से में मकान बनाकर वह रह रहा था। घटना की समाचार लिखे जाने तक तहरीर नहीं आई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम पर भेज दिया है। आरोपी आलम की तलाश की जा रही है।





# खतौली में भीषण सड़क हादसा, स्कूटी से टक्कर में दो कांवड़ियों की मौत, तीन घायल

**खतौली, 17 जुलाई (बु.)।** नेशनल हाईवे पर बुढ़ाना अंडरपास के समीप बाइक व स्कूटी में आमने-सामने की हुई भिड़ंत में बाइक सवार दो कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल हुए सभी कांवड़ियों को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया। आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में हादसा होना बताया गया है। गुरुवार को गाजियाबाद के कनावली इन्द्रापुरम निवासी राजू पुत्र नेत्रपाल अपने मामा के लड़के विपिन पुत्र धर्मपाल निवासी बरेली व अपनी बहन अंजली के साथ बाइक से हरिद्वार से कांवड़ लाने के लिए निकला। नेशनल हाईवे पर बुढ़ाना अंडरपास के समीप पहुंचे, तो सामने से तेज गति से आए स्कूटी सवार दो युवकों से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार राजू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटी व बाइक सवार युवती व युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवे पर पड़े घायलों को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान विपिन की भी मौत हो गई। हादसे में दो युवकों की हुई मौत की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दी गई। सूचना पर पहुंची परिजनों में दोनों के शवों को देखकर कोहराम मच गया। पुलिस का कहना था कि स्कूटी हरिद्वार से मेरठ की ओर जा रही थी। स्कूटी सवार युवकों ने आगे चल रहे ट्रक को रांग साइड से ओवरटेक करने का प्रयास किया, तो सामने बाइक सवार आ गए, जिससे हादसा हुआ है।







## पैर से अलग हुआ पंजा, ट्रॉली ने पूरी तरह कुचला

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली के बाहर कांवड़ ले जा रहे एक कांवड़िए के ऊपर ट्रैक्टर के ट्रोले का पहिया चढ़ने से दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में 23 वर्षीय भोला सागर, निवासी मेरठ, का पैर का पंजा और एड़ी पूरी क्षतिग्रस्त हो गया। गंभीर रूप से घायल भोला सागर को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय की है जब कांवड़ियों का एक जत्था कोतवाली के सामने से गुजर रहा था। तभी कांवड़ से लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर टोल के नीचे आ गया। इसी दौरान भोला सागर ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसके पैर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जाँच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर एक बार फिर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

# पंचक समाप्त, आज से बढ़ेगा कांवड़ियों का क्षेत्र में दबाव

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा मेले पर चल रहे बीते 5 दिनों से पंचकों का जारी ग्रहण शुक्रवार को समाप्त हो जाने के बाद शिवभक्तों का रेला हाइवे से नगर की सड़कों तक बढ़ जाएगा। सनातन धर्म में पंचक की महत्ता बहुत अधिक है। पंचक लगने पर हिंदू धर्म के लोग कोई शुभ कार्य नहीं करते। वर्तमान में कांवड़ यात्रा चल रही है और इसमें लाखों की संख्या में हर घंटे में कांवड़िये हरिद्वार, ऋषिकेश एवं गंगोत्री आदि स्थानों पर गंगा जल लेने के लिए पहुंचे हैं, लेकिन पंचक लगने के कारण बड़ी संख्या में शिवभक्तों द्वारा इस बीच कांवड़ नहीं उठाई गई थी। अब गुरूवार 17 जुलाई मध्य रात्रि में पंचक समाप्त होने के साथ देवभूमि हरिद्वार से गंगा जल को लेकर आज से इन कांवड़ियों का सैलाब हाईवे से संपर्क मार्गों तक हर ओर देखने को मिलेगा। श्रावण माह की शिवरात्रि पर अपने आराध्य देव भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करने की खातिर बीते एक माह से बड़ी संख्या में शिवभक्त गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। बीते 11 जुलाई को श्रावण मास की शुरूआत होने के साथ कांवड़ यात्रा का आरंभ हो गया था, लेकिन इसी बीच में 13 जुलाई की शाम 5:48 बजे पंचक लग जाने से पहले दूरदराज व दूसरे राज्यों से आने वाले बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने हरिद्वार व अन्य तीर्थ स्थानों से गंगाजल उठा लिया था और अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए थे। इस वर्ष हाईवे और नगर की सीमा के साथ बड़ी संख्या में शिवभक्तों की टोली गंगनहर की पटरी पर भी बड़ी संख्या में देखी जा सकती है। गुरूवार 17 जुलाई को मध्य रात्रि के बाद 3:38 बजे पंचक समाप्त होने के बाद रात्रि में ही कांवड़िये गंगाजल लेकर रवाना हो जाएंगे, जिससे 18 जुलाई की शाम व रात तक हाईवे से नगर क्षेत्र तक हर ओर कांवड़ियों के जत्थों का सैलाब देखने को मिलेगा।

# कांवड़िए के ऊपर चढ़ा ट्रैक्टर-ट्रॉले का टायर, मौत

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सलेमपुर बाईपास पर ट्रैक्टर-ट्रॉले के नीचे सो रहे युवक के ऊपर टायर चढ़ जाने से युवक गंभीर घायल। उपचार के लिए ले जाया गया हॉस्पिटल, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुरकाजी क्षेत्र के सलेमपुर बाईपास पर बुधवार की शाम कांवड़िये अपना ट्रॉला सड़क किनारे रोककर विश्राम कर रहे थे। रात में ही किसी समय एक युवक ट्रॉले के नीचे आकर सो गया। गुरूवार की सुबह तीन बजे जैसे ही ट्रॉले पर आराम कर रहे कांवड़िये अपना ट्रॉला लेकर चलने लगे तभी ट्रॉले के नीचे सोए युवक के ऊपर ट्रॉले का पहिया चढ़ गया। युवक की चीख पुकार सुनकर दूसरे कांवड़ियों ने तुरन्त ट्रैक्टर-ट्रॉला रोका और नीचे उतर कर देखा, लेकिन तब तक कुचला जा चुका था। आनन-फानन में एम्बूलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान महेश पुत्र महादेव गांव महाराजपुर, छतरपुर, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल, पुत्र की मौत

**सिखेड़ा, 17 जुलाई (बु.)।** जौली से मुजफ्फरनगर मार्ग पर पशु की टक्कर से गिरकर बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गये। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा, जहां पर उपचार के दौरान पुत्र की मौत हो गई। स्वजन ने कानूनी कार्यवाही किए बिना शव को सुपुर्दे खाक किया। बुधवार की शाम को लगभग चार बजे ककरौली थानाक्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी 45 वर्षीय तसव्वुर अपने 14 वर्षीय पुत्र तसानीब के साथ बाइक से दवाई लेने मुजफ्फरनगर जा रहा था। जैसे ही वह जौली से मुजफ्फरनगर मार्ग पर गांव धंधेड़ा के निकट पहुंचा तो, सड़क के किनारे खेत से एक पशु निकलकर सड़क पर आ गया। पशु ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरने से दोनों घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तसव्वुर और तसानीब को जिला अस्पताल भेजा। सूचना पर पहुंचे स्वजन ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान तसानीब की मौत हो गई। स्वजन बिना कानूनी कार्यवाही के शव को अपने घर ले गए, जहां पर गुरुवार की सुबह लगभग सात बजे तसानीब के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। तसानीब की मौत से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना होने की सूचना मिली थी। स्वजन की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है।

## कांवड़िए ने डीसीएम के सामने कूदकर जान दी

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-20, का रहने वाला 23 वर्षीय रोहित पुत्र मोहनलाल अपने साथियों के साथ हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आ रहा था। गुरुवार की सुबह रोहित पुरकाजी बाईपास के होटल कान्हा ढाबा के पास पहुंचा, तो वह अचानक से नेशनल हाईवे पर कांवड़ियों के डीसीएम के सामने कूद गया, जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना कांवड़ियों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। घायल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रंजिश के चलते परिवार पर हमला, पूर्व फौजी सहित चार घायल, दो रैफर

**भोपा, 17 जुलाई (बु.)।** ककरौली थानाक्षेत्र के गांव जड़वड़ निवासी सुरेशपाल ने बताया कि गुरुवार की शाम वह अपने पुत्र संजीव कुमार पूर्व फौजी व शिवकुमार व अपने पौत्र विशाल कुमार के साथ गांव में स्थित अपने खेतों पर काम कर रहा था। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही लगभग आधा दर्जन लोग एक राय होकर हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार व तमंचे लेकर वहां आ गए और अचानक जान से मारने की नियत से उनपर हमला कर दिया जिससे उसे व संजीव कुमार, शिवकुमार व विशाल को गम्भीर चोटे आयी है। मारपीट के बाद आरोपी उन्हें अधमरी हालत में छोड़कर फिर से हमला करने की धमकी देते हुये मौके से फरार हो गये। पीड़ितों द्वारा मामले की सूचना 112 पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर आयी घायलो को गम्भीर हालत में उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां से गम्भीर हालत के चलते संजीव और शिवकुमार को जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया है। पीड़ित ने ककरोली थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।





# सराहनीय कदम : पहली बार साइलेंसर उतारकर चलने पर बड़ी कार्यवाही, दो दर्जन से अधिक कांवड़ियों की बाइक व बुलेट सीज

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** मुजफ्फरनगर एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने कल से ही एक अहम निर्णय लेकर उस पर कार्यवाही का काम भी शुरू कर दिया है। एनएच 58 बागोवाली कट पर गुरूवार को विशेष अभियान चलाकर ऐसी बाइकें जो साइलेंसर उतारकर चलाई जा रही हों, या ऐसी बुलेट जो पटाखे छोड़ती जाती हों पर सख्त कार्यवाही की गयी। आपको बता दें कि कांवड़ के समय में जल चढ़ने से दो दिन पहले नेशनल हाइवे पर कांवड़ियों का हुड़दंग पूरी तरह से दिखाई देता है।

इसी के साथ-साथ टशन दिखाने को कांवड़िया अपनी मोटर साइकिलों के साइलेंसर या तो मोडीफाइड कराते हैं या उतार ही देते हैं। बुलेट बाइकों के साइलेंसर पटाखे छोड़ती चलती हैं। ऐसे में पुलिस ने इस बार शानदार निर्णय लिया है और स्वयं एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने अपनी सामने खड़े होकर ऐसे टशन दिखाने वाले बाइक सवारों का चालान कटवाया।

इनमें कुछ बाइकें सीज भी की गयी हैं, जिसकी जानकारी स्वयं एसपी सिटी ने मीडिया को दी और कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही हर हाल में की जाएगी। उक्त मामले की पूर्ण जानकारी डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह ने मीडिया को दी। एसपी सिटी ने बताया कि नेशनल हाइवे 58 पर पुलिस ने ऐसी 24 बाइकों को सीज किया है, जिनके साइलेंसर उतरे हुए थे, फटी हुई आवाज में चल रही थी और ऐसी बुलेट बाइकों को भी सीज किया गया है जो पटाखे छोड़ती चल रही थी। हालांकि कुछ कांवड़ियों को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। सहारनपुर रेंज के डीआईजी अभिषेक सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर चैकिंग अभियान की निगरानी की और कहा कि उक्त बाइकें ध्वनि प्रदूषण फैलाती हैं।





## शोर मचाने वाले डीजे, फटे साइलेंसर व पटाखा बुलेट बाइक पर कार्यवाही की सराहना

**मुजफ्फरनगर।** हर बार कांवड़ यात्रा के दौरान भारी-भरकम डीजे आया करते थे। उक्त डीजे जब बजते थे तो आसपास से गुजरने वाले लोगों के दिल एक बार के लिए बैठ जाया करते थे। इतना ही नहीं अधिकांशतः इन डीजों के कारण शोरूम के शीशे चटक जाते थे, घरों में रखे बर्तन तक गिर जाते थे। आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बुजुर्गों को हार्टअटैक आने की संभावना इन्हीं डीजे कांवड़ की वजह बनी रहती थी। इस बार शुरू से ही एक ओर उत्तराखण्ड पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर दिखाई दिया और पहले से ही ऐसे बैरिकेटिंग किये गए जिनके नीचे से ऊंची डीजे कांवड़ गुजर ही न सके। हर बार पुलिस प्रशासन और ऊंचे शोर मचाने वाली डीजे कांवड़ के बीच बहस हुआ करती थी। इसी बहस के बीच कांवड़ियों के तांड़व भी होना कोई बड़ी बात नहीं थी। इस विवाद से बचने के लिए उत्तराखण्ड प्रशासन ने बड़े डीजे कांवडों का हरिद्वार में प्रवेश ही बंद करा दिया। इसके बाद कल मुजफ्फरनगर में फटे साईलेंसरों पर जो कार्यवाही अभियान चलाया गया है, आमजन में उसकी जमकर सराहना हो रही है। हालांकि अभी भीड़ कम है, इसलिए बाइक सवार कांवड़िया पुलिस प्रशासन की बात को अमल में ला रहे हैं। दो दिन बाद कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर क्या होगा, मगर फिलहाल उत्पात मचाती उक्त बाइकों पर कार्रवाई की आमजन ने सराहना की है और कहा कि अचानक से उक्त बाइकें पीछे से आकर पटाखे फोड़ती थी, जिससे बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग एकाएक घबरा जाते थे और कई बार अचानक पटाखा बुलेट अथवा फटे साइलेंसर बाइक आने से दिल की भी शिकायतें होती देखी गयी थी। कुल मिलाकर प्रशासन का यह निर्णय आम आदमी को ठीक लग रहा है। माना जा रहा है कि इससे डाक कांवड़ भी सुव्यवस्थित ढंग से चल पाएगी और किसी प्रकार का कोई उत्पात कांवड़ यात्रा के दौरान मचने की सम्भावना कम होगी।

# कहीं भोले, कहीं हनुमान तो कहीं श्रीराम की खूबसूरत कांवड़ों ने किया मंत्रमुग्ध

**तीन साल के बच्चों से लेकर 70 साल के बुजुर्गों तक में सड़कों पर उतरकर कांवड़ देखने का क्रेज**

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** हर साल की भांति इस साल भी कांवड़ देखने का क्रेज और अधिक बढ़ता देखा जा रहा है। बड़ी-बड़ी विशालकाय कांवड़ आने के साथ-साथ उनकी खूबसूरती देखने के लिए लोग अब सड़कों पर उतर रहे हैं। शिवचौक, मीनाक्षी चौक, अस्पताल चौराहा, वहलना चौक आदि सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं का हुजूम इन खूबसूरत कांवड़ों को देखने के लिए उमड़ रहा है। आइये देखिए किस तरह की शानदार कांवड़ इस समय मुजफ्फरनगर के बीच से होकर गुजर रही हैं और किस तरह श्रद्धालु उनका स्वागत कर रहे हैं। गुरूवार को रात्रि 1 बजे तक शिवचौक पर जनसैलाब ऐसा उमड़ा कि सड़कों पर उतर रही खूबसूरत कांवड़ों को देखता ही रह गया। रात्रि 1 बजे भी बामुश्किल लोग तब घरों की ओर रवाना हुए जब उनकी आंखों में नींद भरने लगी। वहीं दूसरी ओर कांवड़ सेवा शिविरों में शिविर संचालक भोलों की जमकर सेवा करते दिखाई दिये। कहीं चिकित्सा शिविर तो कहीं भोजन शिविर तो कहीं झमाझम नहाने की सेवा शिविर संचालकों द्वारा शिवभक्तों को प्रदान की जा रही है। इस समय पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया हुआ है। प्रशासन के ड्रोन कैमरे भी सड़क पर चलने वाले कांवड़ियों के खूबसूरत नजारे लेते दिखाई पड़ रहे हैं। अगले दो दिन इसी तरह का सिलसिला नगर की सड़कों पर शहर के बीचोबीच के साथ-साथ हाइवे पर भी नजर आने वाला है, जहां से विशाल कांवड़ होकर गुजरेंगी। इस समय कांवड़िया जोर-शोर से भोले के जयकारे लगाते दिखाई पड़ रहे हैं। उनका उत्साहवर्धन करने के लिए नगर के श्रद्धालु उनके जयकारों के साथ अपनी हुंकार भी भर रहे हैं।







## प्रेमी की बेवफाई से त्रस्त युवती नहर में कूदी

**खतौली, 17 जुलाई (बु.)।** जीवनभर साथ निभाने का दावा करने वाले प्रेमी से धोखा खाने से पीड़ित युवती ने गंगनहर में छलांग लगाकर जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। पुलिस व गोताखोरों की मदद से युवती को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद मेरठ के शास्त्रीनगर कॉलोनी निवासी अपने प्रेमी के बुलाने पर खतौली आई थी। बताया जाता है कि युवती का प्रेमी खतौली नगर के पक्का बाग कॉलोनी निवासी है। प्रेमी के बुलावे पर आई युवती ने जब खतौली पहुंचकर कई बार मोबाइल फोन से सम्पर्क किया, तो आरोप है कि प्रेमी ने अपना फोन बंद कर लिया। प्रेमी की इस बेवफाई से आहत प्रेमिका ने गंगनहर में छलांग लगा दी। युवती को नहर में कूदता देख गंगनहर पर तैनात पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम के प्रयास से युवती को सकुशल बाहर निकाल लिया। कोतवाली पुलिस की सूचना पर युवती के परिजन नगर में पहुंच गए। पुलिस घटना के सम्बंध में जांच पड़ताल कर रही है।

# कांवड़ यात्रा ड्यूटी से गुम 4 अफसरों को भेजा गया नोटिस

**▶ ड्यूटी से गैरहाजिर रहने पर भेजा कारण बताओ नोटिस ▶ दो दिन में स्पष्टीकरण न आने पर दी कार्यवाही की चेतावनी**

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** उत्तर भारत की धार्मिक यात्राओं में शुमार कांवड़ यात्रा को जनपद में निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने की दिशा में शुरू हुई कवायदों के बीच जिले के आलाधिकारी रात-दिन प्रयासरत हैं। ऐसे में जहां निरंतर सड़कों पर उतर कर कांवड़ियों को हर संभव मदद के लिए अधिकारी प्रयासरत हैं, वहीं कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में जुटे कर्मियों और अधिकारियों को ड्यूटी का बोध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच ड्यूटी से गैर हाजिर चल रहे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कर्तव्य बोध कराने के साथ गैर जिम्मेदार अधीनस्थों को कारण बताओ नोटिस भेजने के साथ स्पष्टीकरण न आने की स्थिति में विभागीय कार्यवाही के संकेत दिए हैं। गुरूवार को एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने कंट्रोल रूम से प्राप्त ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर की रिपोर्ट के आधार पर चार सैक्टर मजिस्ट्रेटों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए ड्यूटी से गायब रहने पर स्पष्टीकरण मांगा है। एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने जारी किए कारण बताओ नोटिस में कांवड़ यात्रा ड्यूटी में बतौर सैक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ प्रा. सहा. ग्रुप-बी राजीव मलिक, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय के प्रा. सहा. ग्रुप-सी बिरेन्द्र कुमार के अलावा शाहपुर ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी फिरोज चन्द्रा एवं विजय कुमार को अपनी तय तैनाती से 16 जुलाई को रात्रि में उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि दो दिन में सैक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी से करने में की गई लापरवाही पर स्पष्टीकरण न आने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## कांवड़ के दौरान 10 पुलिस कर्मी थे ड्यूटी से अनुपस्थित, अब होंगे सस्पेंड!

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** कांवड़ियों की सुरक्षा में जिला पुलिस मुजफ्फरनगर किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाह रही है। शुक्रवार को एसएसपी संजय वर्मा ने शिव चौक पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी में लापरवाही या अनुपस्थिति बरतने वाले किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी ने बताया कि बाहरी जिलों से आई फोर्स के 10 पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पॉइंट से अनुपस्थित पाए जाने के बाद उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई के आदेश दिये गये हैं। एसएसपी ने बताया कि बाहरी जिलों से आए 10 पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी पॉइंट्स से गैरहाजिर पाए गए, जिनकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। स्थानीय पुलिसकर्मियों में भी लापरवाही पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अनुशासन बनाए रखने और कर्तव्य का पालन करने की अपील की, ताकि यात्रा के दौरान शांति कायम रहे। एसएसपी ने बताया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। होटलों और ढाबों पर खाने-पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता और रेट की जांच की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।

# भोपा पुल पर बाइक खड़ी कर नीचे कूदा युवक

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में भोपा पुल से एक युवक नीचे कूद गया। हालांकि ज्यादा ऊंचाई न कूदने के कारण उसे चोट नहीं आयी। पुलिस ने पुल पर खड़ी उसकी स्कूटी को जब्त कर लिया है। गुरूवार दोपहर बाद एक युवक भोपा पुल पर पहुंचा। पुल पर कुछ दूर चलने के बाद उसने अपनी स्कूटी साइड में खड़ी कर दी और पुल से नीचे कूद गया। ज्यादा ऊंचाई न होने के कारण उसे चोट नहीं आयी। मामले की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पूर्व युवक मौके से चला गया। पुलिस उसकी स्कूटी को लेकर थाने पर आ गयी है।








# अपने कार्यकाल में बगैर भेदभाव कार्य किया है, करता रहूंगा-अकरम कुरैशी



**शाहपुर, 17 जुलाई (बु.)।** नगर में शिवभक्तों की सेवा के लिए नगर पंचायत द्वारा लगाए गए शिविर के शुभारंभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुरैशी ने कहा कि उन्होंने सदैव समाज के सभी वर्गों के लोगों को एक समान समझकर निष्पक्ष रूप से कार्य किया है। वह अपने शेष कार्यकाल में भी बिना भेदभाव एवं निस्वार्थ भाव से कार्य करते रहेंगे। शिवभक्त कांवड़ियां हमारे अतिथि हैं, उनकी सेवा के लिए नगर पंचायत 24 घंटे सक्रिय हैं। नगर पंचायत द्वारा कांवड़ के दौरान सफाई की बेहतर व्यवस्था कराई जा रही है। सेवा शिविरों में कली-चूने के छिड़काव के साथ-साथ निरंतर कर्मचारी तैनात हैं। इसके अलावा पेयजल की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। साथ ही साथ सार्वजनिक शौचालय के साथ-साथ मोबाइल टॉयलेट भी स्थापित किए गए हैं। हाजी अकरम ने बताया कि नगर में दर्जनों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा बड़ी स्क्रीन पर शिवभक्तों के आगमन का सीधा प्रसारण भी दिखाया जा रहा है। नगर के डिवाइडर पर नगर पंचायत द्वारा पथ प्रकाश की तिरंगी व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत के शिविर में भी भोले के भक्तों का भोजन विश्राम आदि का समुचित प्रबंध किया गया है। नगर पंचायत सभासद एवं समस्त स्टाफ पूरे कावड़ मेले में निरंतर सहयोग कर रहा है।

## शाहपुर में शिव भक्तों पर फूलों की बारिश करेगा मुस्लिम समाज-शाहिद त्यागी



**शाहपुर, 17 जुलाई (बु.)।** शाहपुर नगर पंचायत के कांवड़ सेवा शिविर के उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में नगर की प्रमुख शख्सियत हाजी शाहिद त्यागी ने कहा कि वह समस्त मुस्लिम समाज एवं नगर पंचायत की ओर से कावड़ियों का दिल से इस्तकबाल करते हैं। यह जनपद प्यार और मोहब्बत की धरती है। उन्होंने कहा कि कांवड़ के दौरान मुस्लिम समाज के लोग नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में शिव भक्तों पर फूलों की बारिश भी करेंगे। श्री त्यागी ने बुलेटिन संपादक का आभार ज्ञापित किया कि उन्होंने इतने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद उनके लिए समय निकाला। शाहिद त्यागी ने बुलेटिन के विशेष संवाददाता सचिन संगल के सहयोग की भी मुक्तकंठ से प्रशंसा की।





# शाहपुर चेयरमैन अकरम कुरैशी सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बन गए हैं : अंकुर दुआ

## शाहपुर नगर पंचायत के कांवड़ शिविर का बुलेटिन संपादक ने किया उद्घाटन

**शाहपुर, 17 जुलाई (बु.)।** आज नगर पंचायत शाहपुर कार्यालय पर कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ हवन पूजन के बाद प्रेस काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य एवं दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, विधायक राजपाल बालियान, भाजपा नेता विवेक बालियान, समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी,शाहपुर चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार विजय गोयल, शाहपुर थाना अध्यक्ष जयसिंह भाटी, प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन संगल, मास्टर वसीम,नगर पंचायत शाहपुर के सोनू सैनी, मनोज सैनी, विशाल गर्ग, वकीला बेगम, बुद्ध प्रकाश, मनोज अरोड़ा, सतीश पाल, रीनू कुमार, इस्लाम मलिक आदि सभासदगण, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार, पत्रकार अमित ठाकरान,सावन, नईम, राजीव मेहरा, संदीप पाल, बबलू नामदेव, अक्षय गोयल संभ्रांत नागरिक व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**शाहपुर, 17 जुलाई (बु.)।** नगर पंचायत कार्यालय में शिवभक्तों की सेवा के लिए लगाए गए कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन करने के बाद नगर एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को संबोधित करते हुए प्रेस काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य, पंजाबी समाज मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष एवं दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद में कांवड़ यात्रा के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिलती है। यहां गंगा-जमुनी तहजीब सदैव रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शाहपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी प्रत्येक वर्ष शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा कर उन पर पुष्प वर्षा करते हैं तथा बगैर हिंदू-मुस्लिम के भेदभाव के कार्य करते हैं। ठीक उसी प्रकार उत्तराखंड बॉर्डर पर कस्बा पुरकाजी के चेयरमैन जहीर फारुकी भी शिवभक्तों के लिए पूरे नगर को सजाकर दिन-रात सेवा में जुटे रहते हैं। उनके साथ-साथ शाहपुर चेयरमैन भी अब सांप्रदायिक सौहार्द की इस जनपद में मिसाल बन गए हैं। बुलेटिन संपादक ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम दोनों धर्म के लोग एक दूसरे से सद्भाव से रहे। उन्होंने मुस्लिम समाज से आह्वान किया कि शिवभक्तों पर कोई कटाक्ष न किया जाए, कांवड़ियों से छेड़छाड़ न करें। प्रत्येक शिवभक्त अत्यधिक गंगाजल लेकर आ रहा है, ऐसे में यदि उसे खंरोच भी आती है, तो उग्र होना स्वाभाविक है, इसलिए हम सभी का कर्तव्य है यदि ऐसी कोई घटना घटित भी हो जाती है तो 'भोले गलती हो गई' कहकर माफी मांग लें। श्री दुआ ने दोनों संप्रदाय के लोगों से आग्रह किया कि वह आपसी वैमनस्य त्याग कर अपने नगर, जनपद, प्रदेश एवं देश को खुशहाल बनाने के लिए एक जुट हो। उन्होंने शाहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने नगर पंचायत के कांवड़ सेवा शिविर के शुभारंभ के लिए उन्हें आमंत्रित किया। बुलेटिन संपादक ने उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## शाहपुर कस्बा हमेशा से एक दूसरे के त्यौहार को सम्मान देता आया है--श्याम पाल भाई जी



**शाहपुर, 17 जुलाई (बु.)।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेता श्याम पाल संगल भाईजी ने इस अवसर पर कहा कि शाहपुर कस्बा हमेशा ही भाईचारे की मिसाल रहा है। इसका बहुत पुराना इतिहास रहा है। यहां सभी समुदाय के लोग एक-दूसरे के त्यौहार को मिलकर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने चार्ज करने के बाद उसे निष्पक्ष रूप से समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए कार्य किया है। इसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं। वह शांति समिति की बैठकों में अधिकारियों से सदैव कहते हैं कि शाहपुर जैसा अच्छा कस्बा पूरे जनपद में दूसरा नहीं है। लोग बाहर जाकर भी इसकी मिसाल देते हैं। भाई जी ने कहा कि शाहपुर क्षेत्र जैसी शिवभक्तों की सेवा का दूसरा उदाहरण भी कहीं देखने को नहीं मिलता। यहां 24 घंटे भंडारे चल जाते हैं।




# समस्या समाधान में पिछड़ने पर डीएम ने लगाई कड़ी फटकार

**- स्पष्टीकरण के साथ चेतावनी, प्रतिकूल प्रविष्टि पर मचा हड़कंप**

**- जनपद के दर्जनों अफसरों पर लटकी कार्यवाही की तलवार**

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** मुख्यमंत्री की कसौटी पर विफल साबित रहे अफसरों पर अब डीएम उमेश मिश्रा ने सख्ती के संकेत दिए हैं। बीते कुछ माह की जारी रैंकिंग में मुजफ्फरनगर के पिछड़ने पर डीएम उमेश मिश्रा ने सख्ती दिखाते हुए इन विभागों में आवेदनों के निस्तारण संदर्भों में मूल्यांकन रिपोर्ट में कम अंक मिलने पर एडीएम सदर, जानसठ और बुढ़ाना के साथ चकबंदी अधिकारी समेत कई विभागों के शीर्ष अफसरों को फटकार लगाने के साथ ही प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है। उन्होंने जनपद में 30 से अधिक अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए उनकी प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सुधार के निर्देश के साथ शिकायतकर्ता से संपर्क करने की बात की। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि यदि किसी अधिकारी द्वारा उक्त संदर्भों का गुणवतापरक निस्तारण नहीं किया गया तो दोषी अधिकारी का स्पष्टीकरण, कठोर चेतावनी, प्रतिकूल प्रविष्टि व उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए स्पष्टीकरण न मिलने की स्थिति में सात दिनों में विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम उमेश मिश्रा ने आवेदनों के निस्तारण संदर्भों में मूल्यांकन रिपोर्ट माह जून में कम अंक प्राप्त होने के चलते रैंकिंग प्रभावित होने पर, उनके द्वारा मूल्यांकन रिपोर्ट का अवलोकन किया, जिसमें पाया गया कि मूल्यांकन रिपोर्ट की बिन्दु संख्या-11 कुल के सापेक्ष शिकायतकर्ता से संपर्क व स्थलीय निरीक्षण के संबंध में रूचि न लिए जाने के कारण कुल अवशेष फीडबैक जनपद की रैंक प्रभावित हुई है। इन अफसरों की सूची में सीएमओ, एसडीएम सदर, जानसठ व बुढ़ाना के साथ उप संचालक चकबन्दी, लीड बैंक अधिकारी, एआरएम रोडवेज, डीएसओ, एआर कॉपरेटिव, एक्सईन विद्युत, जल निगम ग्रामीण, पीडब्लूडी प्रान्तीय खंड, सिंचाई, पीडी डीआरडीए, बीएसए, सीवीओ, पीओ डूडा, डीडी कृषि, चीफ विद्युत, एएलसी, वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक), डीआईओएस, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी, ईओ मुजफ्फरनगर, शाहपुर, खतौली, चरथावल, भोकरहेड़ी, जानसठ, सिसौली, बुढ़ाना, जिला कमांडेन्ट होमगार्ड, बीडीओ शाहपुर, जानसठ, बघरा, मोरना, पुरकाजी, मुजफ्फरनगर, बुढ़ाना, खतौली, सीएमएस, सीएचसी/पीएचसी के अलावा खतौली, सदर व बुढ़ाना के पूर्ति निरीक्षक, अधिकांश एडीओ पंचायत, खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी और वरिष्ठ निरीक्षक बाट-माप, उप निदेशक निर्माण आदि अधिकारियों को डीएम की ओर से नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगने के साथ प्रतिकूल प्रविष्टि किए जाने की चेतावनी जारी की गई है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98000 | चांदी- | 111400 |
| सिक्का- | 1130 | गिन्नी- | 73010 |

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025**

**मेष-** आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, साहसिक प्रगति का प्रयास असफल, शत्रु हानि पहुँचाने हेतु प्रयत्नशील, नवसमस्याएँ उपस्थित, वाहन से चोट-चपेट भी संभव।

**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, अधूरे कार्यो की पूर्ति हेतु स्वजनों से सहयोग, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर।

**मिथुन-** पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, आय के नवीन स्त्रोत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, भौतिक सुख के निमित्त अधिक व्यय, इच्छित योजना का सुपरिणाम।

**कर्क-** विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में होने से खुशी, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि।

**सिंह-** परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, लापरवाही से नुकसान, विरोधियों का वर्चस्व, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मानसिक बेचैनी, अपव्यय भी।

**कन्या-** नवीन योजना का श्रीगणेश, इच्छाशक्ति का विकास, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, अकल्पित लाभ, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

**तुला-** स्वविवेक से किया गया कार्य सफल, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आपसी समझदारी से तनाव में कमी, भौतिक सुख में वृद्धि।

**वृश्चिक-** कार्य व्यवसाय में उन्नति का अवसर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों स मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

**धनु-** विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, व्यापारिक हानि, उत्तरदायित्व की पूत में बाधा, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, जीवनसाथी से कष्ट, यात्रा निष्फल।

**मकर-** विविध पक्षों में अनुकूलता, नवयोजना का श्रीगणेश, सद्विचारों का उदय, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क उपयोगी, अकल्पित लाभ।

**कुम्भ-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश से परिवार में हर्षोल्लास, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन में रुचि।

**मीन-** कार्य व्यवसाय में नवपरिवर्तन, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील, आपसी सलाह से कामयाबी, शत्रु परास्त।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# यूपी रोडवेज के साथ रेलवे ने भी बढ़ाई बसों और रेल की संख्या, नहीं मिल रही है विशेष सुविधा




**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा को देखते हुए हर विभाग अलर्ट पर है। ऐसे में आने-जाने के लिये ज्यादातर कांवड़िये या तो बस या फिर रेल का सहारा लेते हैं, लेकिन रेलवे और बसों में प्रतिदिन ज्यादातर भीड़ देखने को मिलती है, क्योंकि भारत में लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिये बसों और रेल का सहारा लेते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि कांवड़िये जिनके पास कांवड़ भी होती है, वे आराम से कैसे यात्रा करें, जब बुलेटिन की टीम ने ग्राउंड जीरो पर छानबीन की, तो कुछ अच्छे तो कुछ रोचक तथ्य निकल कर सामने आये। अगर हम बात करते हैं रोडवेज की तो परिवहन विभाग की ओर से तो पहले हरिद्वार के लिये 45 बसें प्रतिदिन जाती थी, लेकिन कांवड़ को देखते हुए रात्रि के समय 4 से 5 बसें बढ़ाई गई हैं। हालांकि इसमें किसी प्रकार की विशेष छूट या किराये में छूट या कोई विशेष सुविधा नहीं दी गई है। सभी बसों का किराया नॉर्मल बेस पर ही रखा गया है, परंतु ओवरलोडिंग का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि यात्रा के समय कांवड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े। साथ ही रात्रि वाली बसों के स्टोपेज निर्धारित किये गये हैं, ताकि कांवड़ियों को जल्द से जल्द अपने गंतव्य तक पहुंचाया जा सके। इसके अतिरिक्त अगर किसी कांवड़िये को स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कत यात्रा के दौरान आती है, तो हर बस में फर्स्ट ऐड की सुविधा है और अगर मामला गंभीर हो जाता है, तो नजदीक के राहत शिविर को सूचित किया जाता है और फिर इमरजेंसी में एम्बुलेंस में नजदीक के अस्पताल में शिफ्ट किया जाता है। इसके अलावा अगर हम रेलवे की बात करें, तो यहां रेल की संख्या ज्यादा तो नहीं की गई है, परंतु दिल्ली से हरिद्वार तक चलने वाली एक अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाई गई है। यह ट्रेन रात्रि के 3 बजकर 22 मिनट पर मुजफ्फरनगर पहुंचती है, इसमें एक डिब्बा कांवड़ियों के लिये दिया गया है। यह ट्रेन संख्या 04314 है। इसमें भी नॉर्मल किराया ही कांवड़ियों से लिया जा रहा है। विशेष सुविधा का जिक्र इसमें भी नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य संबंधित मामलों में जहां-जहां रेलवे स्टेशन के नजदीक स्वास्थ्य कैंप हैं, वहां से संपर्क किया जा रहा है। अगर रेलवे यात्रा के दौरान किसी कांवड़िये को गंभीर स्वास्थ्य समस्या आ जाती है, तो उसके लिये कंट्रोल रूम नंबर 1394 जारी किया गया है। इस नंबर पर सम्पर्क होते ही नजदीकी स्टेशन पर डॉक्टर और एम्बुलेंस को तैनात कर दिया जाएगा। जैसे स्टेशन आयेगा, डॉक्टर मरीज के स्वास्थ्य की जांच करेगा ओर गंभीर स्थिति में स्थानीय अस्पताल शिफ्ट किया जाएगा। रेलवे की और से यह भी जानकारी दी गई है कि स्टेशनों पर रेलवे पुलिस यानि आरपीएफ के जवानों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है और बड़े रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय जिला पुलिस बल भी तैनात किया गया। यह सब इसलिये है, ताकि किसी तरह की कोई ऐसी घटना ना हो, जो इस यात्रा का माहौल खराब करे।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित मिले प्रशिक्षु, मुकदमा दर्ज होने से मचा हड़कंप

**भोपा, 17 जुलाई (बु.)।** मोरना-भोपा मार्ग स्थित जेपीएस पब्लिक स्कूल में संचालित जगदीश प्रसाद मैमोरियल सोसाइटी पर हुई कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार वहां ट्रेनिंग ले रहे अभ्यर्थी अनुपस्थित पाये गये हैं। जिस पर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के राज्य सहभागिता सहायक समन्वयक द्वारा सेंटर के संचालक पर धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के राज्य सहभागिता सहायक समन्वयक अभिमान सिवाच ने थाना भोपा पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मोरना में भोपा मार्ग पर जेपीएस पब्लिक स्कूल में जगदीश प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाना सुनिश्चित किया गया था। समन्वयक के अनुसार सेंटर द्वारा 18 युवा प्रशिक्षण प्राप्त करते दर्शाये गये थे, किन्तु केन्द्र पर किये गये औचक निरीक्षण में सभी प्रशिक्षु अनुपस्थित मिले, जबकि उनकी उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन द्वारा दर्शाई गयी थी, जिसके बाद संज्ञान लेते हुए जगदीश प्रसाद मैमोरियल सोसाइटी के प्रशिक्षण साझेदार राजन गौड़ पर प्रदान की गयी राशि का धोखाधड़ी कर दुरूपयोग करने, विश्वासघात, धन की हेराफेरी करने जैसे गंभीर आरोप लगाये गये हैं। मामले में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के राज्य सहभागिता सहायक समन्वयक अभिमान सिवाच द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मामले में भोपा पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जायेगी।

## योगीराज में 5 लाख लोग बाढ़ से घिरे

**चित्रकूट, 17 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी में लगातार बारिश और बाढ़ से हालत बिगड़ रहे हैं। प्रयागराज में गंगा-यमुना दोनों उफान पर हैं। नदियों के आसपास के 15 से ज्यादा मोहल्लों की 5 लाख की आबादी पानी से घिर गई है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा। चित्रकूट में लगातार बारिश से तुलसी वाटरफॉल में सैलाब आ गया है। काफी तेज गति में पानी पहाड़ से गिर रहा है। यहां मंदाकिनी नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। शिवरामपुर पुलिस चौकी इलाके में बाढ़ में दो मासूम बच्चे बह गए। वाराणसी में सभी 84 घाट नदी में जलमग्न हो चुके हैं। घाट किनारे के 1 हजार मंदिर भी डूब चुके हैं। गंगा खतरे के निशान से सिर्फ 1.56 मीटर दूर है। भारी बारिश के चलते मिजार्पुर, जौनपुर और सोनभद्र में स्कूल बंद कर दिए हैं।



भोलों का स्वागत करते नन्हे भोले



आज भूराहेड़ी चेकपोस्ट पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं पुरकाजी विधानसभा से विधायक अनिल कुमार ने हरिद्वार उत्तराखंड से गंगाजल लेकर आ रहे शिवभक्त कांवड़ियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए पुष्प वर्षा की।



## सूचना

मेरे पुत्र मौहम्मद उमैर के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 4444, दिनांक 20/05/2011 में गलती से माता का नाम तरन्नुम अंकित करा दिया गया है जबकि वास्तविक नाम तरन्नुम जहाँ है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शकील अहमद**
605, किदवई नगर, मुजफ्फरनगर
M.9997145345

## कानपुर सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी ने फिर संभाला चार्ज, डीएम से हुआ था विवाद

**कानपुर, 17 जुलाई (एजेंसी)।** कानपुर में शासन के हस्तक्षेप के बाद सीएमओ विवाद पर विराम लग गया है। शासन के निर्देश के बाद गुरुवार को डॉ. हरिदत्त नेमी ने चार्ज संभाल लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया कर्मियों से बात नहीं की और नो कमेंट्स कह कर सवालों को टाल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के आदेश पर चार्ज संभालने आए हैं। इस दौरान सीएमओ ने कर्मचारियों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के बीच गब्बर इज बैक की चर्चा बनी रही। सीएमओ का चार्ज संभालने के बाद डॉ. हरिदत्त के तेवर बदले नजर आए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से कहा कि काम में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही सीएमओ कार्यालय में कामकाज के तरीके को भी बदला गया है।

## अखिलेश-अनिरुद्धाचार्य विवादः सपा सांसद प्रिया सरोज का कथावाचक पर हमला, समाज को भटकाने वाला बयान बताया

**मछलीशहर, 17 जुलाई (एजेंसी)।** प्रदेश के मछलीशहर से सांसद और क्रिकेटर रिंकू सिंह की पत्नी प्रिया सरोज ने मथुरा के प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य जी महाराज पर निशाना साधा। कथावाचक अनिरुद्धाचार्य और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच विवाद चल रहा है। इसमें अब सपा सांसद प्रिया सरोज भी कूद पड़ी हैं। उन्होंने कथावाचक के एक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अनिरुद्धाचार्य पर तीखा हमला बोला और उनके बयान को समाज को भटकाने वाला बताया। उन्होंने सवाल कया कि क्या प्रवचन में वे यही सब सिखाते हैं? इस पर राजनीति एक बार फिर गरमा गई है।



मछलीशहर से सपा सांसद प्रिया सरोज ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर 37 सेकेंड का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अनिरुद्धाचार्य कथित तौर पर अखिलेश यादव के नाम को लेकर टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रिया सरोज ने लिखा कि जब एक बाबा कृष्ण जी का नाम बताने में असफल हो जाता है।

## हरियाणा का रोहतक और झज्जर भूकंप के झटकों से हिला, झज्जर में इस हफ्ते तीसरी बार

**झाज्जर, 17 जुलाई (एजेंसी)।** हरियाणा के दो जिलों में गुरुवार को भूकंप के झटके लगे हैं। पहले रोहतक जिले में और उसके बाद झज्जर में झटका महसूस किया गया है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर रोहतक का भूकंप 3.3 तीव्रता का और झज्जर का भूकंप 2.5 तीव्रता का आया है। दोनों जिलों में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं आई है। बता दें कि झज्जर में इस हफ्ते यह तीसरी बार झटका लगा है। जानकारी के मुताबिक, रोहतक में बुधवार रात ठीक 12:45 बजे भूकंप का झटका लगा था, जो 10 किलोमीटर गहराई में था। झज्जर में गुरुवार दोपहर 12:34 पर झटका लगा था, जो 5 किलोमीटर गहराई में था। पिछले गुरुवार को झज्जर में 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद 11 जुलाई को यहां 3.7 तीव्रता का झटका लगा। 10 जुलाई से अब तक रोहतक के 40 किलोमीटर के दायरे में चार भूकंप आ चुके हैं, जो 2.5 तीव्रता से अधिक थे।

# अंतरिक्ष से लौटकर शुभांशु ने पत्नी को गले लगाया, बेटे को गोद में उठाया

**नई दिल्ली, 17 जुलाई (एजेंसी)।** अंतरिक्ष में 18 दिन रहकर धरती पर लौटे लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने बुधवार को पत्नी कामना और 6 साल के बेटे किआश से मुलाकात की। शुभांशु ने पत्नी को गले लगाया और बेटे को गोद में उठाया। शुभांशु ने तस्वीरें शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा- अंतरिक्ष की उड़ान अद्भुत होती है, लेकिन लंबे समय बाद अपनों से मिलना भी उतना ही अद्भुत होता है। शुभांशु ने पोस्ट के जरिए बताया- अंतरिक्ष में जाने से पहले वे 2 महीने क्वारंटीन थे। उन्हें परिवार से 8 मीटर की दूरी बनाकर रखनी होती थी। मेरे छोटे बेटे को बताया गया कि उसके हाथों में कीटाणु हो सकते हैं, इसलिए वह पापा को नहीं छू सकता। हर बार वह अपनी मां से मासूमियत से पूछता, ह्यक्या मैं अब हाथ धोकर पापा को छू सकता हूं? दरअसल, स्पेस स्टेशन जाने से पहले एस्ट्रोनॉट को क्वारंटीन किया जाता है, ताकि क्रर में किसी तरह के कीटाणु न पहुंचें। 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे क्रर पहुंचे थे। 18 दिन रहने के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौट थे। कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई थी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांकः-739/E-Tender/P.W.D./NPP/2025-26 दिनांकः- 17/07/2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 02 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 24/07/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 18/07/2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 24/07/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 24/07/2025 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य "15 वें वित्त आयोग" की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री का बिहार-बंगाल दौरा

आज प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। इन दोनों राज्यों में मतदाता सूची के सघन पुनरीक्षण पर हंगामा और बयानबाजी चल रही है। आज प्रधानमन्त्री चार अमृत भारत ट्रेन के साथ बिहार वासियों को 7200 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण कर सौगात देंगे। प्रधानमन्त्री मोदी मोतिहारी से हरी झंडी दिखाकर चार अमृत भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। गैर वातानकूलित इन ट्रेनों में स्लीपर और जनरल कोच होंगे। यह ट्रेन मध्यम और कम आय वर्गों के लोगों को सुविधायुक्त और आरामदायक सफर कराने को ध्यान में रखकर चलाई जा रही है। इनमें से एक ट्रेन वाराणसी कैंट से भी गुजरेगी। पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से लखनऊ के गोमती नगर जाने वाली इस ट्रेन का लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। इसके अलावा एक ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और एक अन्य गोरखपुर से होकर जाएंगी। सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदेभारत एक्सप्रेस के बाद रेलवे इन अमृत भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस की सौगात उत्तर प्रदेश के लोगों को देने जा रहा है। सामान्य ट्रेनों के मुकाबले इसकी सीटें ज्यादा आरामदायक और आकर्षक हैं। प्रधानमन्त्री का यह दौरा बिहार और पश्चिम बंगाल में सियासी पारा बढ़ा सकता है। वैसे भी प्रधानमन्त्री का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब चुनाव आयोग के मतदाता सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर विपक्ष काफी परेशान है। ऐसे में सबकी नजर रहेगी कि प्रधानमन्त्री विपक्ष के आरोपों का किस तरह से जवाब देते हैं। इस समय विपक्ष केंद्र पर पर हमला कर रहा है। ऐसे में प्रधानमन्त्री कुछ भी बोलते हैं, तो उसका एक बड़ा मैसेज जाएगा। माना जा रहा है कि प्रधानमन्त्री के आज के दौरे से एनडीए को इस क्षेत्र में चुनावी लाभ मिल सकता है। प्रधानमन्त्री का यह एक महीने के अंदर दूसरा बिहार दौरा है। इससे पहले 20 जून को सिवान में बड़ी रैली की थी। उससे पहले पटना में 29 मई को रोड शो किया था और 30 मई को बिक्रमगंज में बड़ी सभा। अप्रैल में प्रधानमन्त्री ने मधुबनी में रैली की थी। मतलब हर महीने प्रधानमन्त्री का बिहार में कार्यक्रम हो रहा है, विपक्षी नेताओं की भी इस पर नजर है। प्रधानमन्त्री का दौरा पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में हो रहा है। साफ है कि पूर्वी और पश्चिमी चंपारण दोनों पर प्रधानमन्त्री के दौरे का असर पड़ेगा। दोनों मिलाकर 21 विधानसभा की सीटें हैं। पूर्वी चंपारण में 12 विधानसभा की सीटें हैं, जबकि पश्चिम चंपारण में 9 विधानसभा सीटें। विपक्षी नेता चुनाव आयोग के नाम पर सरकार और प्रधानमन्त्री को घेरने की कोशिश में है, लेकिन उनकी दलीलों में दम नहीं है। पीएम मोदी दोनों राज्यों में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरूआत के साथ बिहार के मोतिहारी और पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में जनसभाओं को भी संबोधित भी करेंगे। कल ही वे पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और दुर्गापुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के अलावा कुछ प्रोजेक्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। बांकुरा, पुरुलिया, दुर्गापुर और बर्धमान जिलों सहित पश्चिम बंगाल के अन्य क्षेत्रों को भी तोहफा देंगे। प्रधानमन्त्री पश्चिम बंगाल के बांकुरा और पुरुलिया जिले में लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत वाली भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना की आधारशिला रखेंगे। आज ही प्रधानमन्त्री दुर्गापुर से कोलकाता तक 132 किमी की नेचुरल गैस पाइपलाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो प्रधानमन्त्री ऊर्जा गंगा परियोजना के तहत जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन का हिस्सा है। पीएम मोदी दुर्गापुर स्टील थर्मल पावर स्टेशन और दामोदर घाटी निगम के रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन की 1,457 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेट्रोफिटिंग प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली-फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। बिहार में इस समय राजनीति गरमायी हुई है, नेता एक दूसरे पर कटाक्ष कर रहे हैं एक दूसरे के खिलाफ बैनर पोस्टर लगा रहे हैं। कुछ हफ़्ते पहले तेजस्वी ने प्रधानमन्त्री मोदी और मुख्यमन्त्री नीतीश पर गलत टिप्पणी की थी, जिसके बाद एनडीए नेताओं ने तेजस्वी को आड़े हाथों लिया। भारतीय जनता पार्टी, जदयू और अन्य घटक दलों ने इसे राजनीतिक मर्यादा की सीमा पार करने वाला बताया था। जवाबी हमलों में सिर्फ जुबानी जंग नहीं, बल्कि पोस्टर और कार्टून के माध्यम से भी हमला किया गया था। पटना के प्रमुख चौक-चौराहों पर एक पोस्टर काफी चर्चा में रहा था, जिसमें लिखा था ‡मेरा बाप चारा चोर है‡ और इसके साथ लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव का कार्टूननुमा चित्र भी लगाया गया है। यह पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था और अब तक इसका चर्चा हो रहा है। बिहार बंद में पप्पू यादव को महागठबंधन के नेताओं ने ट्रक में चढ़ने नहीं दिया था। उस ट्रक में राहुल गांधी से लेकर तेजस्वी यादव तक शामिल थे। आरोप है कि आरजेडी की प्लानिंग की वजह से पप्पू यादव को ट्रक में नहीं चढ़ने दिया गया था। अब पप्पू यादव भी मोर्चा खोले हुए हैं। पप्पू यादव ने उस घटना के बाद राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की और सीएम फेस के तौर पर राजेश राम और तारिक अनवर का नाम आगे करके तेजस्वी यादव की टेंशन बढ़ा दी। नीतीश कुमार ने कल बिजली को लेकर घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल ही से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा। दूसरी तरफ एक बार फिर तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाया है। उन्होंने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक नहीं है। बिहार में मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर जानबूझकर वोटरों का नाम काटा जा रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि 30 तारीख को मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर दिल्ली में एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गठबंधन के सभी घटक शामिल होंगे। मैं वहां इस बात को सबके सामने रखूंगा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'सियासत' 'शिकायत' 'हकीकत' 'नेता'

गलत बोलना ही सियासत है जिनकी, जहालत को खूबी ही वो मानते हैं,  
जो अनपढ़ हैं उनसे शिकायत भी क्या है, वो जो बोलते हैं उन्हें बोलने दो।  
घिरे चापलूसों से जो भी रहेंगे, जमीनी हकीकत से वंचित रहेंगे,  
वो खुद को समझते हैं हुशयार नेता, वो जो सोचते हैं उन्हें सोचने दो।







# अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के 39वें कांवड़ सेवा शिविर का हुआ शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** कावड़ियों की सेवा में पिछले 39 वर्षों से चल रहे अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के कांवड़ सेवा शिविर का भव्य शुभारंभ गुरुवार को हनुमान मंदिर में हुआ, जिसमें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पंवार, मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान, नवीन गुड़ मंडी के व्यापारी नेता संजय मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसका संचालन हिंदू नेता अरुण प्रताप द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल कुमार ने अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल के कार्यकर्ताओं की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि दल के हिंदू वीर निरंतर इतने 39 वर्षों से भोलों की सेवा करते आ रहे हैं, यह बहुत बड़ी बात है। पहली बार मुझे अवसर प्राप्त हुआ इस मंदिर प्रांगण में आकर कावड़ शिविर के उद्घाटन का। मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि भोलों के भेष में कुछ गलत लोग भी घूम रहे हैं, उन लोगों का विशेष रूप से ध्यान रखना है कि वह लोग भोलों को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचा सके। ऐसे लोगों की निगरानी करने के लिए भी शिविर में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएं' इस शुभारंभ अवसर पर अरुण प्रताप सिंह, पंडित कमल नारायण, रमेश पांचाल, सरवन मोगा, हेमंत ग्रोवर, डॉ. संजीव शर्मा, पंकज त्यागी, नवीन गर्ग, सुनील सिंघल, पंकज ठाकुर, अनमोल ठाकुर, संदीप कौशिक, आशुतोष खन्ना, सतीश मलिक, अनमोल छाबड़ा, मनोज कंसल, अभिषेक मेहरा, अमन सिंघल, अंकुर पांचाल, तेज प्रताप, युवराज सिंह आदि हिंदू वीर विकास अग्रवाल, विजय प्रताप सिंह, सतीश तायल, दिव्या प्रताप, सोलंकी मुकेश कुमार, सरवन मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# मीरापुर में शिवभक्तों के आगमन से वातावरण भक्तिमय हुआ

## - हरिद्वार से 135 लीटर गंगजल लेकर शिवालय की ओर बढ़ रहे शिवभक्त

**मीरापुर, 17 जुलाई (बु.)।** हरिद्वार से पावन गंगजल लेकर गंतव्य की ओर बढ़ रहे शिवभक्तों के आगमन से गंगनहर पटरी पर बोल-बम, बम-बम के जयकारों वातावरण भक्तिमय होने लगा है। गुरूवार को 135 लीटर गंगाजल लेकर 150 किमी का सफर तय कर रहे शिवभक्तों की कांवड़ मीरापुर में आकर्षण का केंद्र बनी रही। शिवभक्तों का नागरिकों ने भव्य अभिनंदन किया। कांवड़ यात्रा धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुँचने लगी है।



शिवभक्तों के मीरापुर क्षेत्र में आवागमन से गंगनहर पटरी बम-भोले के जयकारों से गूंजने लगी है। मेरठ जिले की मवाना तहसील के गांव खटकी निवासी शिवभक्त अंकित, संजय, पिंकू, सुधीर, गौरी शंकर गिरि, दीपक, गौरव कुमार, विकुल, सहदेव व ऋतिक हरिद्वार से देश की तरक्की और खुशहाली की मनोकामना के साथ 135 लीटर गंगजल लेकर निकले हैं तथा धीरे-धीरे अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। गुरूवार को उक्त शिवभक्त मीरापुर की कुतुबपुर गंगनहर पटरी पहुंचे। नाचते-गाते भगवान भोलेनाथ की भक्ति में मग्न शिवभक्त अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे थे। यहां पहुंचने पर नागरिकों ने उनका अभिनंदन किया। शिवभक्त अंकित ने बताया कि 135 लीटर गंगाजल के साथ उनकी यह दूसरी कांवड़ है। बता दें कि शिवभक्तों का आगमन होने के चलते क्षेत्र में कांवड़ सेवा शिविर लगने की तैयारी शुरू हो गई है। कुतुबपुर व भूम्मा गंगनहर पुल पर कांवड़ियों की सेवा के लिए ग्रामीण तथा संभलहेड़ा पुल पर स्थानीय पुलिस शिविर लगाने की तैयारी कर रही है।





# गंगा प्लाजा में कांवड़ शिविर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** अखिल भारत हिंदू महासभा एवं अखिल भारतीय हिंदू एकता दल द्वारा, मेरठ रोड स्थित गंगा प्लाजा मार्केट में 18वां निःशुल्क कावड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिनके संस्थापक रहे स्व. पंकज गुप्ता एवं समाजसेवी स्व. निधीश गर्ग की प्रेरणा से इस शिविर का संचालक योगेश शर्मा और सुरेंद्र मित्तल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आज बड़ी संख्या में जनपद के गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से शिविर का शुभारंभ किया। शिविर संचालक योगेश शर्मा और सुरेंद्र मित्तल ने इस दौरान हुए सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाते हुए स्वागत किया और आए हुए अतिथियों से दीप प्रज्ज्वलित करके भगवान पशुपति भोलेनाथ को भोग अर्पण कर शिव भोले के भंडारे का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने भोले के प्रसाद का सभी शिवभक्तों को वितरित किया और सब ने भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए। इस दौरान सभी आए हुए अतिथियों का आशीष शर्मा, अमन बंसल, रचित गोयल ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। शिविर के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के मुख्य संपादक अंकुर दुआ तथा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अंजू अग्रवाल, व्यापार संघर्ष संघ समिति के अध्यक्ष संजय मिश्रा तथा समाजसेवी डॉ. धर्मेंद्र, प्रवीण शर्मा, हिंदू महासभा जिला अध्यक्ष डॉ. सतीश गुर्जर, महामंत्री जितेंद्र सिंह, सचिन शर्मा आदि रहे। सभी ने भंडारे के शुभारंभ के दौरान कांवड़ शिविर के प्रेरणास्रोत स्व. संस्थापक पंकज गुप्ता, स्व. समाजसेवी निधीश राज गर्ग को याद किया गया। इस दौरान स्व. निधीश राज गर्ग के पिता वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एमएल गर्ग द्वारा शिविर में मौजूद होकर भोले भक्तों की सेवा की और भगवान आशुतोष का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सीएमओ दफ्तर पर किए गए शिवभक्तों को फल वितरित

## - स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए दिए जरुरी दिशा निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने गुरूवार को कांवड़ यात्रा पर्व 2025 के लिए लगाए स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा। सीएमओ कांवड़ यात्रा मेले में आने वाले शिवभक्तों की सेवाओं के प्रति सजग है तथा उनके द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहे हैं। उनकी सक्रियता कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के प्रति संवेदन शील हैं, वहीं अधीनस्थों में इस बीच उत्साह व लगाव पैदा करने में जुटे हैं। गुरूवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर तमाम



अधिकारी-कर्मियों के सहयोग से कार्यालय के बाहर कांवड़ियों को फल वितरण किया गया। उनके द्वारा सदर ब्लॉक के मखियाली एवं बागोवाली बघरा ब्लॉक में काजीखेड़ा और बघरा पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया, उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बघरा का भी इस बीच निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने इस बीच कांवड़ यात्रा 2025 में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में ड्यूटी कर रहे विभाग के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सेवाभाव व कर्तव्यबोध के साथ अपनी कांवड़ ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने कांवड़ियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए उनका हाल-चाल जाना। सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बघरा का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अश्वनी कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कब्रिस्तान में फायरिंग कर सनसनी फैलाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**चरथावल, 17 जुलाई (बु.)।** पांच दिन पूर्व दिन दहाड़े कुछ लोगों पर मल्हूवाला कब्रिस्तान में फायरिंग करने के आरोपित को पुलिस ने सूचना पर हकीमपुरा मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया। इस घटना में दो नामजद व आधा दर्जन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। चरथावल कस्बे के मुहल्ला चौहट्टा निवासी सुहैल ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया था कि उसकी और ग्राम हैबतपुर निवासी शहंशाह की फोन पर किसी बात को लेकर बहस हो गयी थी। इसी बात से नाराज शहंशाह सुहेल से मिलना चाहता था। शहंशाह ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। वह 13 जुलाई की शाम को कस्बे के बाहरी छोर पर स्थित मल्हूवाला कब्रिस्तान में कुछ साथियों के साथ बैठा हुआ था। आरोप है कि तभी शहंशाह व सावेज पांच-छः लोगों के साथ आये और सुहेल व सुहेल के दोस्तों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिससे वो बाल-बाल बचे और उन्होंने भागकर जान बचाई। पुलिस ने सुहैल की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि गुरुवार को उन्हें सूचना मिली कि फायरिंग करने का वांछित शहंशाह कहीं जाने की फिराक में निर्धना-हकीमपुरा मार्ग पर किसी की इंतजार में खड़ा है। सूचना पर कस्बा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी करके आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया।



# बांग्लादेश में फिर भड़की हिंसा, एनसीपी-अवामी लीग और आर्मी आमने-सामने आये

**नई दिल्ली, 17 जुलाई (एजेंसी)।** बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। यह हिंसा उस वक्त भड़की, जब नवगठित नेशनल सिटिजन पार्टी और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। जब पुलिस ने हालात संभालने की कोशिश की तो हिंसा और भड़क गई, जिससे पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी पड़ीं। जानकारी के अनुसार, एनसीपी पार्टी, अवामी लीग के गढ़ गोपालगंज जिले में एक रैली आयोजित कर रही थी। जिसका अवामी लीग ने विरोध किया, जिससे हिंसा भड़की। हिंसा में मारे गए लोगों की पहचान दीप्तो साहा, रमजान काजी और सोहेल मुल्ला के रूप में हुई है। एक मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। गोपालगंज जनरल अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि नौ अन्य लोगों को गोलियां लगी हैं, जिनका इलाज चल रहा है। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए पैरामिलिट्री फोर्स की चार अतिरिक्त प्लाटून गोपालगंज में तैनात की गई है। सरकार ने हिंसा के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही है। गोपालगंज जिला अवामी लीग का गढ़ माना जाता है। यह बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर रहमान का गृहनगर भी है। छात्र राजनीति से पारंपरिक राजनीति में आने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी ने गोपालगंज में बुधवार को एक रैली का आयोजन किया था। हालांकि रैली से पहले ही कथित तौर पर अवामी लीग पार्टी के समर्थकों ने रैली स्थल और एनसीपी कार्यकताओं पर हमला कर दिया।

# कोतवाल व ईओ ने बनाया अस्थाई डिवाइडर

## - कांवड़ियों की सकुशलता के लिए लिया निर्णय

**बुढ़ाना, 17 जुलाई (बु.)।** स्थानीय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र और बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने आज बृहस्पतिवार के दिन संयुक्त रूप से अपने नेतृत्व में बड़ौत मार्ग पर अस्थाई डिवाइडर लगवाकर आने-जाने वाले कांवड़ियों को राहत देने का काम किया। बुढ़ाना नगर पंचायत ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए डिवाइडर लगाए। नगर पंचायत कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कांवड़ मार्ग पर डिवाइडर लगा रही है। इससे कांवड़ियों और अन्य वाहनों के बीच टकराव को रोकने में मदद मिलेगी और यात्रा अधिक सुरक्षित और सुगम होगी। नगर पंचायत बुढ़ाना बांगर कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय कर रही है। इनमें से एक महत्वपूर्ण उपाय कांवड़ मार्ग पर डिवाइडर लगाना है। डिवाइडर लगाने से कांवड़ियों और अन्य वाहनों के बीच टकराव की संभावना कम होगी, जिससे दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। डिवाइडर कांवड़ियों को एक सुरक्षित और व्यवस्थित मार्ग प्रदान करेंगे, जिससे उन्हें चलने में आसानी होगी। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा प्रकाश व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा और अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। ये सब उपाय कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को किए गये हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।



# महात्मा गांधी की 94 साल पुरानी तस्वीर हुई नीलाम, 1.7 करोड़ रुपये मिले

**नई दिल्ली, 17 जुलाई (एजेंसी)।** महात्मा गांधी की एक अत्यंत दुर्लभ ऑयल पेंटिंग को ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हुई एक नीलामी में 152,800 पाउंड लगभग 1.7 करोड़ रुपये में बेचा गया। यह पेंटिंग इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह अकेली पेंटिंग है जिसके लिए महात्मा गांधी ने खुद सामने बैठकर पोज दिया था। ब्रिटिश कलाकार क्लेयर लीटन ने इस पेंटिंग को 20वीं सदी की शुरूआत में बनाया था। यह पेंटिंग नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत में बिकने वाली कलाकृति रही। इसकी जो कीमत पहले 57 से 80 लाख रुपये के बीच थी, लेकिन यह उम्मीद से तीन गुना ज्यादा यानी कि ये पेंटिंग करीब 1.7 करोड़ रुपये में नीलाम हुई। कलाकार क्लेयर लीटन को भी उम्मीद नहीं थी कि यह पेंटिंग इतनी बड़ी रकम में बिकेगी। लेकिन लोगों की दिलचस्पी और गांधीजी की ऐतिहासिक छवि के कारण इसकी कीमत कई गुना बढ़ गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह पेंटिंग 1974 में पहली बार सार्वजनिक प्रदर्शनी में रखी गई थी।



# एम.जी. पब्लिक स्कूल के छात्र शौर्य मलिक ने जोनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर रचा इतिहास

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बुस.)।** एम.जी. पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 (कॉमर्स स्ट्रीम) के छात्र शौर्य मलिक ने देहरादून में आयोजित हुई सीबीएसई नॉर्थ जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025-26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 (56-60 किलोग्राम भार वर्ग) श्रेणी में रजत पदक अर्जित कर विद्यालय और जनपद को गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई नॉर्थ जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन सोशल बालूनी पब्लिक स्कूल, देहरादून में 11 जुलाई से 16 जुलाई तक किया गया था, जिसमें देश के विभिन्न अंचलों से आए होनहार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा को साबित किया। विद्यालय प्रांगण में पधारने पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने शौर्य मलिक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देकर छात्र का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि शौर्य की लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम दूसरे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। छात्र की यह उपलब्धि विद्यालय ही नहीं, पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। शौर्य की सफलता के पीछे उनके मैनेजर कुलदीप कुमार के सहयोग और मार्गदर्शन की भी उन्होंने सराहना की। उन्होंने बताया कि छात्र शौर्य ने जोनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोहा मनवाते हुए कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई किया है। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने छात्र शौर्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया और परिश्रम और अनुशासनयुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।



# पटना के पारस अस्पताल में दिनदहाड़े हुआ गैंगवार, एक मरीज की मौत

**पटना, 17 जुलाई (एजेंसी)।** बिहार में कानून व्यवस्था फिर से सवालों के घेरे में है। राजधानी पटना में एक बार फिर गरुवार को हत्या की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। शहर के निजी अस्पताल पारस में अपराधियों ने दिनदहाड़े घुसकर गोलीबारी कर सनसनी फैला दी। इस घटना उस मरीज की मौत हो गई, जिसे अपराधियों ने गोली मारी थी। पुलिस ने भी मामले की पुष्टी की है। गुरुवार की सुबह अस्पताल के अंदर हुई इस गोलीबारी से वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति को गोली मारी गई है, उसकी पहचान चंदन मिश्रा के रूप में हुई है। चंदन पहले गोलीबारी के एक अपराध में बक्सर के जेल में बंद था। बाद में उसे 2024 में पटना के बेऊर जेल लाया गया था। बताया जा रहा है कि उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद उसे पैरोल पर बाहर लाया गया था और वह इलाज के लिए पारस अस्पताल आया था। पारस अस्पताल गोलीबारी की घटना पर पटना सेंट्रल रेंज आईजी जितेंद्र राणा ने कहा, "बक्सर जिले के निवासी चंदन मिश्रा नामक अपराधी को पारस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था और प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों ने उसे गोली मार दी। उसे कई गोलियां मारी गईं।




# एक सप्ताह तक चलने वाले फैकइल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बुस.)।** श्री राम कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा संचालित शोध पत्र लेखन एवं प्रकाशन विषय पर एक सप्ताह तक चलने वाले फैकइल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ चेयरमैन श्रीराम ग्रुप आफ कॉलेजेज, डॉ. एसएन चौहान निदेशक श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, डॉ. सौरभ मित्तल उप प्राचार्य श्रीराम कॉलेज, निशांत राठी, डीन कम्प्यूटर एप्लिकेशन संकाय, डॉ. आरपी सिंह निदेशक रिसर्च एसआरजीसी, डॉ. गिरेन्द्र गौतम निदेशक श्रीराम कॉलेज ऑफ फॉमेसी, डॉ. अश्वनी, प्राचार्य श्रीराम पालिटैक्निक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के चेयरमैन व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को गुलदस्ता भेंट कर श्रीराम कॉलेज में उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. आर.पी.सिंह ने सभी को शोध के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी तथा सात दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के पहले दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डॉ. वीरपाल सिंह ने बौद्धिक संपदा अधिकार पर पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईपीआर क्या है और उसके महत्व एवं प्रकारों के बारे में बताया उन्होंने ट्रेडमार्क, पेटेंट, कॉपीराइट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पेटेंट लेना कितना महत्वपूर्ण है यह हमारे सीवी को कितना मजबूत बना सकता है, किस तरह पेटेंट कराया जा सकता है। भौगोलिक संकेत के बारे में बताया कि इस व्यक्तिगत तौर पर नहीं लिया जा सकता। उन्होंने ट्रेडमार्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी कि ट्रेडमार्क कितने प्रकार के होते हैं और विभिन्न उदाहरण के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसी कड़ी में कार्यक्रम के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार निदेशक श्रीराम कॉलेज रहे। कार्यक्रम के तीसरे दिन के मुख्य वक्ता डॉ. निशांत राठी, डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन, श्रीराम कॉलेज का विषय रहा सिलेक्शन ऑफ रिसर्च, चौथे दिन डॉ. एसएन चौहान निदेशक श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने स्ट्रक्चर ऑफ रिसर्च पेपर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, वहीं पांचवें दिन डॉ. सौरभ मित्तल उप प्राचार्य श्रीराम कॉलेज, ने टेस्टिंग ऑफ हाइपोथेसिस तथा डॉ. आरपी सिंह ने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट एवं डॉ. गिरेन्द्र गौतम निदेशक श्रीराम कॉलेज फॉर्मेसी ने पब्लिकेशन एंड एथिकल प्रैक्टिसेज पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ चेयरमैन श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेज ने सभागार में उपस्थित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1995 से अब तक रिसर्च के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आया है। पहले रिसर्च पुस्तकालय, किताबों और मैनुअल डेटा पर निर्भर थी। इंटरनेट की शुरूआत और कंप्यूटर ने शोध को आसान बनाया। अंत में आयोजन सचिव (ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री) डॉ. अशफाक अली अध्यक्ष वाणिज्य संकाय ने सभी को इस फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को आयोजित करने के उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिका, प्रवक्ता वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ एम.एस. खान रहे। इस 8 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का 8 जुलाई 2025 मंगलवार को उद्घाटन समारोह का समापन हुआ, जिसमें महाविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति निशांत राठी, डॉ. अश्वनी, डॉ. विनीत कुमार शर्मा, डॉ. मनोज धीमान, डॉ. श्वेता राठी, डॉ. पूजा तोमर महाविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक, शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।




# खनन माफियाओं ने बाग ठेकेदार पर हमलाकर घायल किया

**मीरापुर, 17 जुलाई (बु.)।** गांव कैथोड़ा में रात्रि में खनन कर रहे खनन माफियाओं को अपने बाग से मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली निकालने का विरोध करने पर खनन माफियाओं ने बाग ठेकेदार की जमकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित बाग ठेकेदार ने हमलावरों के विरुद्ध तहरीर दी है। मीरापुर के मौहल्ला कमलियान निवासी शहजाद पुत्र नूर अहमद ने कैथोड़ा में एक आम का बाग ठेके पर ले रखा है। बुधवार की देर रात्रि शहजाद अपने बाग में था इस दौरान कुछ खनन माफिया कुछ दूरी पर खनन कर रहे थे तथा अवैध खनन की मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को बाग के अन्दर से होकर निकाल रहे थे, जिसका ठेकेदार शहजाद ने विरोध करते हुए अपने बाग के अन्दर से मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को निकालने से रोक दिया तथा दूसरे रास्ते से ले जाने को कहा आरोप है कि इस बात पर खनन माफिया जबरन वहीं से ट्राली निकालने की जिद पर अड़ गए और विरोध करने पर खनन माफियाओं ने शहजाद पर हमला कर दिया और उसे जमकर पीटा। बताया गया है कि इस दौरान दो पुलिसकर्मी भी वहाँ मौजूद थे, किंतु वो मूकदर्शक बने देखते रहे। बाद में पीड़ित बाग ठेकेदार ने अपने सभासद भाई राशिद को इसकी सूचना दी, जब वह मौके पर पहुँचा, तो आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने एक हमलावर को नामजद तथा चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# बालटाल भूस्खलन से अमरनाथ यात्रा प्रभावित, महिला श्रद्धालु की मौत

**जम्मू, 17 जुलाई (एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रा के दौरान बुधवार (16 जुलाई 2025) को बालटाल के रेलपथरी इलाके में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हो गया। इस दुखद घटना में एक महिला श्रद्धालु की जान चली गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हालांकि राहत टीमों ने कई अन्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया। प्रशासन के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब यात्री पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर बढ़ रहे थे। जेड मोड़ के पास अचानक पहाड़ खिसक गया, जिससे चार तीर्थयात्री इसकी चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां राजस्थान निवासी 55 वर्षीय सोना बाई को मृत घोषित किया गया। बाकी घायलों की हालत स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है। इस वर्ष यात्रा के दौरान हुई घटनाओं में अब तक 15 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कई अन्य को समय रहते बचाया गया है। यात्रा के लिए तैनात प्रशासनिक दल लगातार निगरानी कर रहा है। खराब मौसम को ध्यान में रखते हुए जम्मू से 17 जुलाई को कोई नया जत्था रवाना नहीं किया जाएगा। इस निर्णय को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। मौसम साफ होने पर ही श्रद्धालुओं को रवाना किया जाएगा। प्रशासन अब तक 15 जत्थों को सफलतापूर्वक रवाना कर चुका है, लेकिन फिलहाल लैंडस्लाइड के खतरे को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।

# आपने फ्यूल स्विच क्यों बंद किए..., पायलटों की बातचीत पर अमेरिकी रिपोर्ट में सनसनीखेज दावा

**नई दिल्ली, 17 जुलाई (एजेंसी)।** एयर इंडिया की फ्लाइट 171 के क्रैश होने की प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद इसको लेकर तमाम आरोप-प्रत्यारोप हो रहे हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट में प्लेन के फ्यूल स्विच बंद होने को लेकर अमेरिकी मीडिया में नई खबर सामने आई है। इसमें दोनों पायलटों के बीच फ्यूल स्विच बंद होने को लेकर की गई बात का खुलासा किया गया है।

इसमें विमान उड़ा रहे पायलट ने सीनियर पायलट से पूछा था कि आपने फ्यूल स्विच को क्यों बंद किया। वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के अनुसार, बोइंग 787 ड्रीमलाइन को फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। उन्होंने फ्लाइट टेकऑफ के तुरंत बाद ज्यादा अनुभवी पायलट सबरवाल से पूछा था कि उन्होंने फ्यूल स्विच को कटऑफ क्यों कर दिया।

कुंदर ने इसके साथ घबड़ाहट दिखाई, लेकिन कैप्टन खामोश रहे। रिपोर्ट इस ओर इशारा करती है कि कैप्टन ने स्विच को बंद किया था। हालांकि अमेरिकी पायलट एंड सेफ्टी एक्सपर्ट्स का कहना है कि एआईआईबी रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया है कि स्विच जानबूझकर बंद किए गए थे या दुर्घटनावश ऐसा हो गया था।

## आज़म खान की याचिका पर आज होगी सुनवाई



**प्रयागराज 17 जुलाई (वार्ता)** रामपुर के चर्चित डूंगरपुर केस से जुड़े एक मामले में आजम खान ने रामपुर एमपी एमएलए कोर्ट से मिली दस साल की सजा के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में क्रिमिनल अपील दाखिल की है। 30 मई 2024 को रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने आज़म खान को 10 साल की सजा सुनाई थी जिसको लेकर एमपी एमएलए कोर्ट से मिली सजा को आज़म खान ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी है, जिस पर आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस समीर जैन की एकल पीठ सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि आजम खान पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत कई अन्य धाराओं में रामपुर के गंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

## इंडिगो विमान आपात लैंडिग से उड़ानों पर कोई प्रभाव नहीं



**नयी दिल्ली, 17 जुलाई (वार्ता)** इंडिगो की दिल्ली-गोवा उड़ान की बुधवार रात हुई आपात लैंडिग पर मुंबई हवाई अड्डे ने कहा है कि विमान को सुरक्षित उतारने में उसके कर्मचारियों ने पूरा सहयोग दिया है और इससे एयरपोर्ट की नियमित उड़ानों के परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। शिवाजी छत्रपति महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मुंबई की ओर से गुरुवार को जारी बयान में बताया गया है कि इंडिगो विमान के पायलट की ओर से आपात लैंडिंग के अनुरोध के बाद 16 जुलाई की रात नौ बजकर 35 मिनट पर हवाई अड्डे पर पूर्ण आपात स्थिति की घोषणा की गई। विमान रात नौ बजकर 52 मिनट पर सुरक्षित उतरा और पांच मिनट बाद आपात स्थिति हटा ली गई। दिल्ली से गोवा जा रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 6271 को बुधवार रात तकनीकी गड़बड़ी के चलते आपातस्थिति में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया था कि उड़ान भरते समय विमान में तकनीकी खराबी का पता चला था जिसके बाद इसे मुंबई में उतारा गया।

## मोदी शुक्रवार को बिहार, बंगाल के दौरे पर जायेंगे



नयी दिल्ली,17 अप्रैल (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को बिहार तथा पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे और वह 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। इनमें रेलवे, सड़क, गैस, ऊर्जा, मत्स्य पालन, आईटी और ग्रामीण विकास जैसे कई क्षेत्रों की योजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी सबसे पहले कल बिहार में पहुंचकर पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे मोतिहारी में 7200 करोड़ रुपये से अधिक की रेल, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह इसके बाद एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित करेंगे।

## रेल-डिब्बे में महिला से बलात्कार पर एनएचआरसी ने मांगी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, 15 जुलाई (वार्ता)** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के पानीपत शहर में एक खड़ी ट्रेन के खाली डिब्बे में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना पर रेलवे और हरियाणा पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उसने इस घटना को लेकर मीडिया में आई खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, रेल मंत्रालय और हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर मामले पर 2 सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट भेजने को कहा है। रिपोर्ट के अनुसार महिला के साथ दुष्कर्म कर अपराधियों ने उसे रेल की पटरियों पर फेंक दिया जहाँ एक ट्रेन उसके पैर के ऊपर से गुजर गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने कुमार स्वामी को अवमानना मामले में दी राहत

**नयी दिल्ली, 17 जुलाई (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी को अदालती अवमानना कार्यवाही में आरोपी बनाने से संबंधित कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश पर गुरुवार को रोक लगाकर उन्हें राहत दी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने निर्देश दिया कि श्री कुमारस्वामी को अवमानना मामले में आरोपी बनाने संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को स्थगित रखा जाए। पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता दल सेक्युलर नेता की ओर से दायर एक याचिका पर गैर सरकारी संगठन 'समाज परिवर्तन समुदाय' को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

## इराक के मॉल में भीषण आग से 61 की मौत, 45 झुलसे

**बगदाद, 17 जुलाई (वार्ता)** इराक के अल कुत शहर में एक नए बने मॉल में बुधवार देर शाम आग लगने से कम से 61 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य झुलस गए। इराकी न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि यह पांच मंजिला हाइपरमार्केट मॉल एक सप्ताह पूर्व ही खुला था। इसमें सामान की दुकानों के अलावा खाने पीने की चीजों की भी कई दुकानें थीं। घटना के समय वहां कई परिवार खाना खा रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी वहां पहुंचे और बचाव कार्य शुरु कर दिया। इससे वहां मौजूद कई लोगों को बचा भी लिया गया। सरकार ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है और मामले की जांच के लिए एक दल का गठन कर दिया है जो दो दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा। मॉल के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में बुढ़ाना नंबर 1

▶▶ स्वच्छता सर्वेक्षण में कस्बा 20 से 50 हजार तक आबादी वाले निकायों में शामिल
▶▶ नगर पंचायत ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले में प्रथम स्थान पाया
▶▶ कस्बे ने उत्तर प्रदेश में 98वां व देश में 258वां स्थान किया हासिल



**बुढ़ाना, 17 जुलाई (बु.)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का परिणाम घोषित हुआ है। मुजफ्फरनगर जिले की नगर पंचायत बुढ़ाना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में बुढ़ाना 20 से 50 हजार तक आबादी वाले निकायों में शामिल हुआ। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत बुढ़ाना ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है, साथ ही प्रदेश में 98वां व देश में 258वां स्थान हासिल किया है। बुढ़ाना सर्वेक्षण में 50 हजार तक आबादी वाले निकायों में शामिल था, जबकि वर्ष 2023 में देश में 2792 व प्रदेश में 553वां स्थान था। कस्बे के बाजारों में सफाई के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना को शत प्रतिशत अंक मिले हैं, जबकि रिहायशी क्षेत्र में सफाई लिए 83 प्रतिशत अंक बुढ़ाना को मिले हैं। अपशिष्ट उत्पादन व प्रसंस्करण में प्रदर्शन 95 प्रतिशत रहा। सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई में 75 प्रतिशत अंक नगर पंचायत बुढ़ाना को मिले हैं। नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण मानकों पर खरा उतरने लिए पूरे मनोयोग से नगर पंचायत ने काम किया है साथ ही इस उपलब्धि में कस्बे के सब लोगों का भी अहम योगदान है और इसी का नतीजा है कि जिले में बुढ़ाना का प्रथम स्थान आया है। आगे और बेहतर काम करेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन व सेवा वितरण का मूल्यांकन किया गया, जो कमियां रहीं, उन्हें दूर करने के लिए काम करेंगे। नगर पंचायत के कर्मचारियों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई। नगर पंचायत बुढ़ाना के ईओ आलोक रंजन ने बताया कि सर्वेक्षण के विभिन्न मानकों में कस्बे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। जिले में बुढ़ाना नगर पंचायत नंबर 1 है।







कांवड़ के अलग-अलग रंग : एक ओर नन्हें बच्चे को बग्गी में नींद आती हुई वहीं मां की तरह पेट से चिपकाकर अपने बच्चे को ले जाता शिवभक्त तथा अन्य मनमोहन कांवड़

## आरएसएस ने यूपी में 60 से अधिक जिला प्रचारक बदले

**लखनऊ, 17 जुलाई (वार्ता)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 60 से अधिक जिला प्रचारकों के पदों में फेरबदल करते हुए बड़े संगठनात्मक बदलाव किए हैं।

अगले साल होने वाले पंचायत चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों के लिहाज से इस बदलाव को काफी अहम माना जा रहा है। संघ के सूत्रों की मानें तो जमीनी स्तर पर बेहतर और अधिक कुशल समन्वय सुनिश्चित करते हुए संगठनात्मक तंत्र में नई जान फूंकने के लिए ही ये बदलाव किए गए हैं। जिला प्रचारक कार्यकर्ताओं को संगठित करने और जमीनी स्तर पर वैचारिक पहुंच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आरएसएस सूत्रों ने बताया कि हर प्रांत में कम से कम 10 से 15 प्रचारकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। संघ के अनुसार यूपी में छह प्रांत हैं जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश (उत्तराखंड सहित), ब्रज, अवध, गोरक्ष, काशी और बुंदेलखंड शामिल है। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि ये बदलाव एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा हैं जो संघ अपने पदाधिकारियों की दक्षता बढ़ाने के लिए करता है। इस वर्ष, संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस संभावना से इंकार नहीं किया कि इसका उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावी मुकाबलों से संबंध हो सकता है। आरएसएस पदाधिकारी ने कहा, ''आरएसएस और भाजपा का वैचारिक तालमेल किसी भी चुनावी मुकाबले से पहले होता है।'' दूसरी ओर आरएसएस में हुए इस बदलाव को लेकर वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक कुमार पंकज का कहना है कि आरएसएस और भाजपा उत्तर प्रदेश में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। यूपी में सबसे ज्यादा लोकसभा की 80 सीटें हैं और जो पार्टियों की चुनावी महत्वाकांक्षाओं में अहम स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि, 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद उत्तर प्रदेश में आरएसएस की संगठनात्मक गतिविधियां महत्वपूर्ण हो गई हैं, जहां भाजपा को 2019 के 62 से गिरकर 33 सीटों पर आ जाने से झटका लगा था। संघ भाजपा की चुनावी गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखना चाहता है लेकिन जरूरत पड़ने पर पर्याप्त समर्थन भी देता है।

## मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिल सकता है सेवा विस्तार

**लखनऊ, 17 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार का अनुरोध किया है। श्री सिंह का 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनको दुर्गा शंकर मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद 30 जून, 2024 को राज्य के शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया था। दरअसल मनोज कुमार सिंह से पहले यूपी के मुख्य सचिव रहे पूर्व आईएएस दुर्गाशंकर मिश्रा को दो बार एक-एक साल के लिए और तीसरी बार छह महीने के लिए सेवा विस्तार मिला था। इस तरह उनको ढाई साल का सेवा विस्तार मिला। माना जा रहा है कि यूपी के बुनियादी ढाँचे और औद्योगिक विकास में सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ-साथ राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में उनके योगदान को लेकर सरकार ने केंद्र से विस्तार का आग्रह किया है।





## डीआईजी, डीएम व एसएसपी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** गुरूवार को डीआईजी अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ भूराहेड़ी चैक पोस्ट (उत्तराखण्ड-पुरकाजी बॉर्डर) सहित कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं बैरिकेडिंग, डायवर्जन, बैरियर, रिफ्लेक्टर, दिशा हेतु लगाये गये फ्लैक्स बोर्ड का निरीक्षण किया। उसके पश्चात कांवड़ यात्रा के दौरान बनाये गये ड्यूटी प्वाईन्ट को चेक किया। तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने, कांवड़ यात्रियों के साथ शालीनता से व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया। उसके बाद डीआईजी व एसएसपी ने कांवड़ सेवा शिविरों में पहुंचकर शिवभक्तों का हाल-चाल पूछकर प्रसाद वितरण किया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व एसपी अपराध इन्दु सिद्धार्थ ने पुरकाजी, छपार, नई मंडी कोतवाली, खतौली थाना क्षेत्रों में पहुंचकर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने शिवभक्त श्रद्धालुओं व राहगीरों की सुरक्षा के दृष्टिगत तथा यातायात नियमों का पालन कराने हेतु पुलिस द्वारा



चैकिंग अभियान चलाया। ऐसी मोटरसाइकिल जिनके साइलेंसर निकाले गये हैं अथवा मॉडिफाई किये गये हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मॉडिफाइड साइसेंसर से दुर्घटना होने व आग लगने की संभावना रहती है। एसएसपी ने भक्तों से अपील की है कि वह डाक कांवड़ के लिए जाने व वापस आते समय मोटरसाइकिल से साइलेंसर न निकालें। साथ ही वाहनों की गति पर नियंत्रण रखें और दो पहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। इसके अलावा यदि कोई शिवभक्त दिये गए निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### कांवड़ मार्ग पर साइन बोर्ड

**मुजफ्फरनगर।** एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा कांवड़ मार्ग पर सूचना चिह्न, साईन बोर्ड लगवाये गये हैं। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा कांवड़ मार्गों पर की गयी बैरिकेडिंग पर रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये हैं, जिससे रात्रि के समय दूर से ही बैरियर दिखाई दे तथा दुर्घटना की संभावना को कम किया जा सके। कांवड़ मार्ग पर कई स्थानों पर गति के लिए बोर्ड लगाए हैं।

## मखियाली से लापता सगी बहनें सकुशल लौटी

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव मखियाली से लापता दोनों सगी बहने सकुशल वापस लौट आयी हैं। दोनों बहनें परिजनों से नाराज होकर गाजियाबाद रिश्तेदारी में चली गयी थी। परिजनों को इस बात की जानकारी थी, उसके बाद बावजूद थाने में परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गांव मखियाली से 23 वर्षीया युवती अपनी 15 वर्षीया छोटी बहन के साथ संदिग्ध हालत में लापता हो गयी थी। थाने पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। गुरूवार को पुलिस ने दोनों बहनों को सकुशल बरामद कर लिया है। शादीशुदा बड़ी बहन अपनी छोटी बहन को साथ लेकर गाजियाबाद के लोनी में रहने वाली अपनी जेठानी के घर परिजनों से नाराज होकर चली गयी थी। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि दोनों बहनों की बात लगातार अपने भाई के साथ हो रही थी। कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए। जानकारी होने के पश्चात परिजन लगातार पुलिस को भ्रमित करते रहे। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। इस मामले में अधिकारियों से बात कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल तिराहा व मीनाक्षी चौक तक बना वाहनों का दबाव

▶▶ कांवड़ मार्ग पर ई-रिक्शाओं के संचालन पर प्रतिबंध से राहत
▶▶ लद्धावाला मार्ग को बंद करने से लोगों को हो रही परेशानी

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** श्रावण माह की शिवरात्रि पर भगवान आशुतोष को गंगा जल अर्पित करने की खातिर पूर्ण भक्ति भाव के साथ गंतव्य की ओर बढ़ते शिवभक्तों की सेवा की खातिर जहां एक ओर जिला प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है, वहीं धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी हाईवे से संपर्क मार्गों से लेकर नगर की सड़कों पर भंडारों व अन्य व्यवस्थाओं के साथ दिन-रात लगे हुए हैं। इस बीच शिवभक्तों को गंतव्य की ओर बढ़ाने की खातिर कांवड़ यात्रा में प्रशासन के साथ नगर की जनता के समक्ष कई चुनौतियां उत्पन्न हो रही है। ऐसे में स्थानीय लोगों को जरुरी काम के लिए घर से बाहर निकलने के साथ जाम के झाम से जूझने के साथ समय और धन की बर्बादी के साथ मानसिक तनाव बना हुआ है। हालांकि कांवड़ यात्रा के लिए जिला प्रशासन के रूट डायवर्जन से मुख्य मार्ग बंद होने के कारण शहर में मुख्य मार्गों से लेकर गली-मौहल्लों तक हर ओर लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है। नगर क्षेत्र में यह अच्छी बात देखने को मिल रही है कि इस बार हर ओर दौड़ती ई-रिक शाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन सफल हुआ है, जिससे अस्पताल तिराहे के साथ मीनाक्षी चौक पर दुपहिया वाहनों को अधिक परेशान होने से बचाव दिखाई दे रहा है। बोल-बम बम बम के जयघोष के बीच मुजफ्फरनगर जनपद की सीमा में हाईवे से नगर की मुख्य सड़कों तक हर ओर भक्ति की वैतरणी बहती दिखाई दे रही है। बीते शुक्रवार से शुरू कांवड़ यात्रा मेले के बीच नगरीय क्षेत्र में हर ओर बोल-बम, बम-बम के जयघोष के बीच पाबंदियां शुरू होने के साथ हाईवे पर जहां भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद है, वहीं नगरीय क्षेत्र में कांवड़ मार्ग पर जिला अस्पताल चौराहे से मीनाक्षी चौक तक मेरठ रोड तक जाने वाली साइड को भोलों के हवाले करने के साथ ही नगर क्षेत्र को दो भागों में बांटे जाने के साथ रुड़की रोड वाली साइड से आवागमन शिवचौक को छोड़ शेष हिस्से में दुपहिया वाहनों का आवागमन अभी जारी है। इसके साथ नगर क्षेत्र में जिला अस्पताल और मीनाक्षी चौक को क्रॉसिंग प्वाइंट बनाने के साथ ऐसे में पूरे शहर का यातायात का दबाव इन्हीं दो चौराहों पर हो गया है, जिससे यातायात की व्यवस्था बेपटरी होने के साथ मुख्य बाजार से गली-मौहल्लों तक लोग परेशान घूमने को विवश हो रहे हैं। ऐसे में घास मंडी, अंसारी रोड, रुड़की रोड के साथ मौहल्लों की छोटी गलियों में परेशानी बढ़ गई है। हालांकि यातायात पुलिस द्वारा इस बार ई-रिक्शाओं पर लगाए गए प्रतिबंध का असर पूरी तरह नगर क्षेत्र में देखा जा सकता है। ई-रिक्शाओं के संचालन के बंद होने से सड़कों पर राहत होने के साथ शिवभक्तों को राहत भी देखने को मिल रही है। हालांकि इस बीच जिला प्रशासन द्वारा नगर के जिला अस्पताल तिराहे से मौ. लद्धावाला की ओर जाने वाले नाले के वैकल्पिक मार्ग को बंद करने से इस क्षेत्र के लोगों के साथ शामली की ओर जाने वाले वाहन चालकों की समस्याएं भी बढ़ा दी है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## महाराष्ट्र विधानसभा परिसर में जमकर चले लात-घूंसे, बीजेपी-शरद पवार के विधायक भिड़े

**महाराष्ट्र, 17 जुलाई (एजेंसी)।** विधानसभाओं में विधायकों का आपस में नोकझोक होना आम बात होती है। लेकिन अगर जैसे अखाड़े में जैसे पहलवान आपस में भिड़ते हैं वैसे विधायक भिड़ जाएं तो कैसा लगेगा। आज महाराष्ट्र विधानसभा परिसर में अखाड़े जैसा दृश्य देखने को मिला. यहां विधायकों के बीच जमकर मारपीट हुई। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि भाजपा और शरद पवार की पार्टी के विधायकों के बीच तीखी झड़प हुई, जिसमें लात-घूंसे चले। भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से मतभेद चल रहे थे, जो अब हिंसक रूप ले लिया। हाल ही में गेट के पास दोनों नेता एक-दूसरे को गालियां देते देखे गए थे, जिससे राजनीतिक तनाव बढ़ गया है।

## धर्मांतरण मामले में ईडी ने शुरु की छांगुर बाबा के ठिकानों पर छापेमारी

**लखनऊ, 17 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन के ठिकानो पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरु कर दी है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई आज सुबह शुरु हुयी। ईडी ने बलरामपुर में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापे मारे। ईडी ने 100 करोड़ रुपये के अवैध फंडिग के मामले में यह कार्रवाई की है। छांगुर बाबा पर धर्मांतरण, विदेशी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाना और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली गतिविधियों के गंभीर आरोप हैं जिसकी जांच के बाद ईडी ने छापेमारी शुरु की है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते को छांगुर बाबा गिरोह के हवाला नेटवर्क, उनके संदिग्ध बैंक लेनदेन और विदेशी फंडिंग के बारे में कई सुराग मिले हैं। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश एटीएस ने सभी दस्तावेज़ ईडी को सौंप दिए हैं, जिसने इन ठिकानों पर छापेमारी करने का फैसला किया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा '' छांगुर बाबा और उसकी मुख्य सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन से पूछताछ में पता चला है कि गिरोह के सदस्यों ने उनके नाम और विभिन्न संस्थानों में 40 से ज़्यादा बैंक खाते खोले थे, जिनसे लगभग 100 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ।'' गौरतलब है कि पिछली पांच जुलाई को छांगुर बाबा को नीतू उर्फ नसरीन के साथ लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था। बताया जा रहा है कि गिरोह ने पांच राज्यों में 1500 लोगों की एक टीम बनाई थी। उनके निशाने पर 30 साल से कम उम्र की महिलाएं थीं। वे धर्मांतरण के लिए कोडवर्ड का भी इस्तेमाल करते थे। एटीएस के अनुसार, छांगुर बाबा के बैंक खाते से लगभग 100 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। इसमें से 14 करोड़ रुपये विदेशी फंडिंग से आए हैं। छांगुर के पास से 'शिज़ार-ए-तैयबा' किताब भी मिली है, जिससे गिरोह को नेटवर्क बनाने और हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराने में मदद मिली।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में निखरी पालिका, देश में 36वां स्थान

## ▶▶ चेयरपर्सन ने बताया उपलब्धि को सामूहिक सहयोग का फल

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** देश के शहरों में सफाई के साथ अन्य जनसुविधाओं की व्यवस्था के आधार पर किए गए स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निकायों की रैंकिंग जारी कर दी है, इसमें नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के जनहितैषी निर्णयों के आधार पर जनता के लिए शुरू की गई सेवाओं के आधार पर शहर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छता सर्वेक्षण में मुजफ्फरनगर शहर ने देश के स्वच्छ शहरों में 36वां स्थान हासिल किया, वहीं राज्य स्तर पर 46वीं रैंक प्राप्त करते हुए गौरवान्वित किया है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने पालिका को मिली इस उपलब्धि को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह पालिका बोर्ड और उसके हर अधिकारी-कर्मचारी के परिश्रम एवं जनता के सहयोग का बेहतर परिणाम है। उन्होंने इस विशिष्ट उपलब्धि पर कहा कि यह मुजफ्फरनगर वासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में हमारी मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद् को राष्ट्रीय स्तर पर 36वां व प्रदेश में 46वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि मात्र आंकड़ों को नहीं दर्शाती, अपितु हम सब के द्वारा शहर हित में किये गये परिश्रम और संघर्ष की कहानी को बयां कर रही है। यह हम सबकी साझा जिम्मेदारी, मेहनत व जनभागीदारी का परिणाम है। मैंने शुरू से इस कर्म पर विश्वास किया है कि स्वच्छता सिर्फ एक मिशन नहीं, एक संस्कार है और इस विश्वास को आप सभी ने आज साकार किया। हमारे सफाई कर्मियों, अधिकारी-कर्मचारियों, जागरूक नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं और प्रशासनिक टीम के हर एक व्यक्ति ने इस अभियान में अपना योगदान देकर नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम पीएम मोदी और सीएम योगी की स्वच्छ शहर एवं स्वच्छ समाज की प्रेरणा से आगे बढ़े और सफलता मिली। आज का यह सम्मान हमें जहाँ गर्व का अहसास कराता है, वहीं आने वाले वर्षों में और बेहतर करने की प्रेरणा देता है। हमारा लक्ष्य अब स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ बनना है, न केवल रैंकिंग, बल्कि मानसिकता और व्यवहार में भी हम इस उपलब्धि को हासिल करेंगे। बता दें, नगर पालिका परिषद् मुजफ्फरनगर बीते छह वर्षों की जारी रैंकिंग प्रदर्शन में वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्तर पर 371वां स्थान व राज्य स्तर पर 98वां स्थान मिला था। वहीं वर्ष 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर 214वां स्थान, प्रदेश में 33वां स्थान और वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर नगर पालिका को 344वां स्थान और प्रदेश में 56वां स्थान मिला था। वर्ष 2022 के राष्ट्रीय स्तर पर 237वां और राज्य स्तर में 45वां स्थान मिला। वहीं वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर 264वां स्थान, राज्य स्तर पर 56वां स्थान मिला था।



## स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में जनपद की निकायों की स्थिति

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद् को छोड़कर कोई दूसरा निकाय उत्कृष्ट प्रदर्शन नहीं कर पाया। दो पालिकाओं सहित दस नगरीय निकायों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाई थी, लेकिन इस मामले में मुजफ्फरनगर नगर पालिका ही स्वच्छता सर्वेक्षण में अप्रत्याशित प्रदर्शन करने में इस बीच सफल हो पाई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के जारी आंकड़ों में रैंकिंग में नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर ने राष्ट्रीय स्तर पर 36वां और राज्य स्तर पर 46वां स्थान हासिल किया। इसके अलावा खतौली पालिका ने देश में 147वां और राज्य में 61वां स्थान पाया। नगर पंचायतों में नगर पंचायत बुढ़ाना की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर 258 और राज्य स्तर पर 98वीं रही। नगर पंचायत चरथावल 479 और 292, नगर पंचायत शाहपुर 347 और 167, नगर पंचायत पुरकाजी 500 और 315, नगर पंचायत जानसठ 611 और 332, मीरांपुर 428 और 235, नगर पंचायत सिसौली 949 और 603 व नगर पंचायत भोकरहेड़ी की राष्ट्रीय स्तर पर रैंक 576 और राज्य स्तर पर 297 रैंक रही।

## डग्गामार वाहन सीज किया

**शाहपुर, 17 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र में एक डग्गामार वाहन के छत पर बैठी व पायदान पर लटकी सवारियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने डग्गामार वाहन को सीज कर दिया। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की हरसौली पुलिस चौकी क्षेत्र में एक डग्गामार वाहन की छत पर बैठी व पायदान पर लटका सवारियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिस पर हरसौली पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने संज्ञान लेते हुए डग्गामार वाहन को सीज करने के साथ वाहन चालक गांव मांडी निवासी फुरकान को हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपी चालक के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मुजफ्फरनगर शाहपुर कांवड़ मार्ग पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर शिव भक्त कांवड़ियां आ रहे हैं। कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतया प्रतिबंध है।

## एक बोरी खाद मांगना पड़ गया भारी, पुलिस ने मां-बेटे पर बेरहमी से किया लाठीचार्ज

**लखीमपुरखुरी, 17 जुलाई (एजेंसी)।** लखीमपुर में एक बोरी खाद को लेकर पुलिस ने बीच सड़क युवक पर लाठियां बरसाईं जब बेटे को बचाने आई मां पहुंची तो उन्हें भी नहीं छोड़ा। पुलिसकर्मी ने महिला का हाथ पकड़कर किनारे कर दिया और युवक पर लाठी चलाता रहा। मां-बेटे खाद न मिलने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। घटना बुधवार की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। बुधवार को लखीमपुर पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दावा किया था कि अब खाद की कोई किल्लत नहीं है। उनके इस बयान के चार घंटे बाद ही खाद के लिए मारामारी को लेकर युवक की पिटाई का ये मामला सामने आया। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन कर रहे किसानों को बलपूर्वक हटाया गया। लाठीचार्ज जैसी कोई घटना नहीं हुई है। जबकि वीडियो में साफ-साफ दिख रहा है कि महीला पर लाठियां चलाई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार खाद केंद्र बंद होते ही करीब 100 से ज्यादा किसानों ने लखीमपुर-मोहम्मदी हाईवे को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर फरधान थाना प्रभारी दयाशंकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को सड़क से हटने को कहा। किसानों के न मानने पर पुलिस ने मनवापुर गांव निवासी राजकिशोर को पकड़कर



लाठियां बरसानी शुरू कर दीं। भाई विजय और मां राजकुमारी ने बीच बचाव का प्रयास किया तो पुलिस ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और धमकाया। पुलिस ने राजकिशोर को पकड़कर जीप में बैठा लिया। इससे किसान भड़क उठे और पुलिस वालों को घेर लिया। आपस में धक्का-मुक्की भी हुई।

## उत्तर प्रदेश में खाद का संकट, कालाबाजारी चरम पर: अखिलेश

**लखनऊ 17 जुलाई (वार्ता)** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद का संकट है जबकि निजी विक्रेता कालाबाजारी कर रहे हैं। श्री यादव ने गुरुवार को कहा कि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खरीफ की फसल विशेष कर धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। किसान को फसलों के लिए डीएपी, यूरिया की जरूरत है लेकिन सहकारी समितियों में खाद नहीं है। निजी विक्रेता कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और ओवर रेंटिग कर रहे हैं। विभाग और सरकार की लापरवाही और लचर रवैये से किसान मारा-मारा फिर रहा है। उन्होंने कहा कि गोंडा, बस्ती, हाथरस, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, समेत तमाम जिलों में खाद का संकट है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आयी है तब से हर साल किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। पुरूष किसानों के साथ-साथ महिलाओं को भी खाद के लिए सुबह से ही सहकारी समितियों पर लाइन लगानी पड़ रही है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलती है। किसानों का दर्द तब और बढ़ जाता है जब खाद के बजाय उन्हें पुलिस की लाठियां और प्रताड़ना मिलती है।

## न्यूज-7 की एलईडी का सांसद हरेन्द्र मलिक व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने किया शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 17 जुलाई (बु.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यूज-7 की एलईडी का शुभारम्भ किया गया। उक्त शुभारम्भ सांसद हरेन्द्र मलिक व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर न्यूज-7 से जुड़े संदीप रंजन को शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अतिथियों ने बताया कि लगातार कई वर्षों से भोले कांवड़ियों के सुंदर दृश्य दिखाने के लिए न्यूज-7 की एलईडी हमेशा लगती आई है, जिससे भीड़भाड़ के समय श्रद्धालू दूर से खड़े होकर भी कांवड़ यात्रा का प्रसारण सहज व सुगम ढंग से देख सकते हैं। शुभारम्भ अवसर पर चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, व्यापारी नेता संजय मिश्रा, पत्रकार अरविन्द जौहल, प्रवेश मलिक, विक्की चावला, धर्मेन्द्र बिल्लू, गोपी सैनी, तरुण बंसल, व्यापारी नेता शलभ गुप्ता, गोपाल गर्ग आदि मौजूद रहे।



